दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। बुधवार 10 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 271 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## कठुआ में शहीद हुए पांचों जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंचे, सीएम धामी ने दी श्रद्धांजलि



**जौलीग्रांट(देहरादून)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवानों ने अपना बलिदान दे दिया। जवानों के बलिदान से देवभूमि में शोक की लहर है। शाम को बलिदानियों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंचाए गए। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर बलिदानियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं, सीएम पुष्कर सिंह धामी और सेना के अधिकारियों ने बलिदानियों के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जवानों के पार्थिव शरीर उनके घर भेजे जाएंगे।पूर्व सीएम व सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, विधायक बृज भूषण गैरोला, डीएम, एसएसपी ने भी जवानों को श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि आतंकी हमले में कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह, टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, रिखणीखाल निवासी राइफलमैन अनुज नेगी बलिदान दिया। सीएम धामी ने कहा कि यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबाँकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे।

सैन्यभूमि उत्तराखंड वीर सैनिकों को जन्म देने वाली भूमि है। यहां के जवानों ने सदैव माँ भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर अपने राष्ट्रधर्म का निर्वहन किया है।

## कमिश्नरेट पुलिसकर्मी नहीं जाएंगे गवाही देने दूसरे जनपद गाजियाबाद में जल्द शुरू होने वाला है वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एक जुलाई से तीन नए कानून लागू हुए थे, इसका लाभ अब पुलिस विभाग को भी होगा कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिसकर्मियों को एक जनपद से दूसरे जनपद गवाही देने और साक्ष्य में नहीं जाना होगा। अब पुलिसकर्मी बंद कमरें में आराम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी गवाही दे सकेंगे। इससे उनका समय बचेगा, साथ-साथ ही साथ भाग दौड़ भी कम होगी। नया कानून आने के बाद इस व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत अधिकांश गवाहों को गवाही के लिए अब दूसरे जिले ना जाकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। उनकी गवाही भी इसी पद्धति के आधार पर होगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस ऑफिस के प्रथम तल पर कक्ष बन गया है। जहां पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए बड़ी टीवी स्क्रीन, स्पीकर, माइक, जूम कैमरा, टेबल कुर्सी आदि सभी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। पुलिस के विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि अगले एक सप्ताह की भीतर इस व्यवस्था के तहत पुलिसकर्मियों के एविडेंस शुरू हो जाएंगे। यह रुम आधुनिक व वातानुकूलित बनाया गया है।



### पुलिस ऑफिस में प्रथम तल पर बन रहा है आधुनिक कक्ष

### नहीं लगानी पड़ेगी छुट्टी के लिए अर्जी, समय की भी होगी बचत

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एविडेंस और गवाही का फायदा यह होगा कि पुलिसकर्मियों को अब अपनी एविडेंस में जाने के लिए छुट्टी के लिए आवेदन नहीं देना पड़ेगा। साथ ही उनको गैर जनपद भी आने जाने की जरूरत नहीं है। इससे उनका समय और आने-जाने में लगने वाला पैसा भी बचेगा। साथ ही वह आराम से बंद कमरे के अंदर अपनी गवाही दे सकेंगे। पुलिस कमिश्नरेट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है, जो लगभग एक सप्ताह के भीतर शुरू हो जाएगा। वहीं अब पुलिसकर्मियों को एविडेंस के लिए अधिकारियों के दफ्तर में छुट्टी की अर्जी भी नहीं देनी होगी।

### गवाही वाले पुलिसकर्मियों को होगा अब अधिक फायदा

करंट क्राइम : अक्सर पुलिस महकमें देखा जाता है कि एविडेंस पर जाने के लिए पुलिसकर्मियों को छुट्टी के लिए अधिकारियों से फटकार खानी पड़ती है। कई बार कानून व्यवस्था की स्थिति या महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होने की वजह से एविडेंस पर पुलिसकर्मी पहुंच नहीं पाते हैं, लेकिन नए कानून के बाद अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न केवल आपराधिक मामलों में गवाही बल्कि पुलिसकर्मी भी अपनी गवाही दे सकेंगे। सामान्य मामलों में ड्यूटी अफसर, मालखाना प्रभारी जांच में शामिल पुलिसकर्मियों को गवाही के लिए जाना पड़ता है। नई व्यवस्था लागू होने से पुलिसकर्मियों को लाभ होगा।




**नए कानून के बाद अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिसकर्मी भी अपनी गवाही दे सकेंगे**

### यह होंगी सहूलियतें

- समय की होगी बचत।
- पुलिसकर्मी और गवाह के धन की बचत होगी।
- गवाही देने वाला गवाह अधिक सुरक्षित रहेगा।
- रिकॉर्डिंग होने से यह गवाही डिजिटल रूप में संरक्षित रहेगी।
- किसी भी गवाही के प्रारूप को बदला नहीं जा सकेगा।

## बता रही है भाजपा की शहर सीट पर सर्वे वाली रिपोर्ट सबसे ज्यादा ब्राह्मण, फिर जाटव और मुस्लिम हैं वोट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यह चुनाव भले ही सरकार पर कोई असर नहीं डाल रहा है। चुनाव की हार जीत से सरकार पर फर्क नहीं पड़ रहा है लेकिन सूत्र बताते हैं कि भाजपा इस चुनाव को हल्के में नहीं ले रही है। भाजपा ने इस उपचुनाव में अपने तीन मंत्रियों को लगाया है। भाजपा ने चुनाव से पहले समीक्षा बैठक की और इस बात पर मंथन हुआ कि किस बूथ पर कितने वोट मिले। उपचुनाव वाली कहानी में अब नया मोड आ गया है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने इस सीट को लेकर एक सर्वे कराया है और इस सर्वे की रिपोर्ट में बिरादरी के हिसाब से वोट आ गये हैं। हालांकि सर्वे की रिपोर्ट को आधिकारिक रूप से प्रमाणिक नहीं का जा सकता है लेकिन सर्वे हुआ है तो इस पर मंथन भी होगा और चिंतन भी होगा। भाजपा ने ये सर्वे क्यों कराया है ये अभी नहीं पता चला है लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा ने जातिसंख्या के हिसाब से ये सर्वे कराया है और इस सर्वे में ब्राह्मण वोट का पलड़ा सबसे भारी आया है। ब्राह्मणों के बाद यहां मुस्लिम वोटर टक्कर ले रहा है और फिर यहां दलित वोट तीसरे स्थान पर ताल ठोक रहा है। जो एक बिरादरी सबसे ज्यादा ताल ठोक रही है उसके वोटों की संख्या ही 12 हजार को पार नहीं कर पाई है।

कई समाज मिलकर भी यहां मुकाबले में नहीं है। भाजपा के इस सर्वे रिपोर्ट में कई बिरादरियों के वोट शामिल हैं। संख्या बल में ब्राह्मण और अन्य जातियों के वोट भी काउंट किये गये हैं। दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के लिए शहर विधानसभा में रहने वाले वोटरों की जाति के आंकड़े अनुमानित हिसाब से लेकर आया है। एक बार फिर दोहरा दें कि ये आंकडे एजेंसी का सर्वे है और इनकी प्रमाणिकता को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

### पंजाबी वोटों की संख्या मिली है लगभग 11 हजार और दावेदारी की पूरी बयार

करंट क्राइम। पंजाबी समाज अपनी सियासी भागीदारी मांग रहा है। उसके बुजुर्ग नेता ताल ठोक रहे हैं। कुछ नेताओं का नाम भी चल रहा है। लेकिन सर्वे कि रिपोर्ट कुछ और ही इशारा कर रही है। सूत्र बताते हैं कि शहर विधानसभा में पंजाबी वोटों की संख्या ही लगभग 11 हजार मानी गई है।

### बाल्मिकी समाज की शहर सीट पर है 25 हजार वोट वाली हिस्सेदारी

करंट क्राइम। बाल्मिकी समाज परम्परागत भाजपा का कैडर वोट माना जाता है। बाल्मिकी समाज के नेताओं ने भी चुनावी दस्तक दी है। शहर सीट पर पार्टी की सर्वे रिपोर्ट इस बात का इशारा कर रही है कि शहर विधानसभा सीट में बाल्मिकी समाज की वोट वाली हिस्सेदारी लगभग 25 हजार के करीब है। ये आंकड़ा संभावित है और संख्या कम ज्यादा हो सकती है लेकिन एक अनुमानित फिगर यही बतायी जाती है।

### 75 हजार से ज्यादा वोट भागीदारी के साथ है ब्राह्मण फैक्टर का दबदबा

करंट क्राइम। चुनाव में अगर वोट की संख्या एक फैक्टर है तो यहां ब्राह्मण समाज सबसे ज्यादा वोटों के साथ अपना दबदबा कायम किये हुए है। भाजपा की सर्वे रिपोर्ट बता रही है कि शहर विधानसभा सीट पर ब्राह्मण संख्याबल में 75 हजार से ज्यादा है। ब्राह्मण फैक्टर की बात करें तो यहां पर शहर सीट में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 75 हजार से ज्यादा है।

### वोट पावर के साथ उभर कर आया है सामने मुस्लिम समाज

करंट क्राइम। अगर सर्वे रिपोर्ट पर भरोसा करें तो शहर विधानसभा सीट पर मुस्लिम वोट निर्धारक हो सकते हैं। मुस्लिम वोट यदि किसी एक पक्ष में एकतरफा आते हैं तो ये हवा का रूख बदल सकते हैं। भाजपा की सर्वे रिपोर्ट बता रही है कि मुस्लिम वोट अपनी संख्या के आधार पर अपना दबदबा बना रहा है। शहर विधानसभा सीट पर मुस्लिम वोटों की संख्या 70 से 75 हजार हो सकती है। इन मुस्लिम वोटों में मुस्लिमों की सभी बिरादरियों के वोट शामिल हैं।

### यादव 10 हजार, गुर्जर 14 हजार, जाट हैं 8 हजार : सर्वे रिपोर्ट में

करंट क्राइम। शहर विधानसभा में वोटों की भागीदारी बिरादरी के हिसाब से गिनी गई है। हालांकि ये आंन्तरिक सर्वे रिपोर्ट है लेकिन रिपोर्ट में वोटों की संख्या ऊपर नीचे हो सकती है लेकिन जमीन आसमान का अंतर नहीं हो सकता। यदि सर्वे रिपोर्ट पर यकीन करें तो यहां यादव, गुर्जर और जाट वोट अधिक नहीं हैं। यादव वोटों की संख्या लगभग दस हजार बतायी जाती है। गुर्जर वोट 13 से 14 हजार हैं और जाट वोटों की संख्या 7 से 8 हजार हैं। इस आंकडे को देखें और सर्वे रिपोर्ट पर यकीन करें तो ये तीनों ही बिरादरी शहर सीट वाले फ्रेम में डिसाईडिंग फैक्टर में नहीं आती हैं।

### सीट है ये सदर और वैश्य वोटों का 60 हजार वाला गदर

करंट क्राइम। शहर सीट को एक लंबे समय से वैश्य सीट माना जाता है। यहां वैश्य दावेदारी रहती है और ये आम धारणा है कि भाजपा का कमल का फूल यहां वैश्य बिरादरी खिलाती है। वैश्य वर्ग को भाजपा का परम्परागत वोटकर कहा जाता है। लेकिन भाजपा ने जब सर्वे कराया तो यहां वैश्य समाज ब्राह्मण मुस्लिम, दलित के बाद चौथी पायदान पर नजर आया है। सर्वे रिपोर्ट बता रही है कि इस सीट पर वैश्य मतदाताओं की संख्या लगभग 60 हजार है। उनसे ज्यादा संख्या जाटव वोटों की है, ब्राह्मण वोटो की है और मुस्लिम वोटो की है। लेकिन भाजपा ने यहां अतुल गर्ग के रूप में दो बार वैश्य समाज को टिकट दिया। बसपा ने सुरेश बंसल को टिकट दिया।



### खटीक, कश्यप, नाई मिलकर 20 हजार वोट ही आई

करंट क्राइम। पिछड़ों और अति पिछड़ों की बात करें तो यहां वो चुनावी संख्याबल के हिसाब से कमजोर हैं। भाजपा की सर्वे रिपोर्ट इस बात का खुलासा कर रही है। शहर विधानसभा सीट में खटीक, कश्यप और नाई वोटों की संख्या मिलाकर लगभग 20 हजार बैठ रही है। तीन बिरादरी मिलकर 20 हजार वोटों के साथ शहर वाले चुनावी मैदान में है।

### बताती है सर्वे रिपोर्ट त्यागी समाज के हैं 10 हजार वोट

करंट क्राइम। सर्वे रिपोर्ट हंगामा मचा रही है और भाजपा भले ही सार्वजनिक रूप से स्वीकार ना करे लेकिन उसने सर्वे कराया और सर्वे रिपोर्ट में कई बातें समाने आ गईं। भाजपा ने त्यागी समाज को पहले भी टिकट दिया है और त्यागी समाज की अब भी दावेदारी है। लेकिन रिपोर्ट बता रही है कि शहर विधानसभा सीट पर त्यागियों के तो केवल दस हजार वोट हैं। अगर सर्वे रिपोर्ट को सच माने तो लगभग 10 हजार वोट वाले समाज से बालेश्वर त्यागी विधायक बने हैं। इस समाज के चेहरों को पार्षद के टिकट भी दिये गये हैं और मौजूदा समय में भी दावेदारी है।

### ठाकुर समाज और पहाड़ की 18 हजार वोटों की दहाड़

करंट क्राइम। शहर विधानसभा सीट पर अगर ठाकुर वोटों की बात करें तो वो यहां लगभग 18 हजार वोटों के साथ हैं। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार इन ठाकुरों में उत्तराखंडी भी शामिल हैं। पहाड़ वाले वोट और ठाकुर वोट मिलाकर 18 हजार का आंकड़ा पार नहीं कर रहे हैं। यदि इसमें ओढ़ और राजपूत वोट मिला दें तो उनकी संख्या भी लगभग पांच हजार है।

### कोरी-जुलाहे-पासी-सांसी-लोधी मिलकर 7 हजार

करंट क्राइम। पिछडी और अति पिछडी जातियों की बात करें तो यहां कोरी, जुलाहे, पासी और सासी, तेली, लोधी मिलकर 7 हजार की संख्या में आ रहे हैं। आंकड़ा अनुमानित है लेकिन इन अति पिछडी जातियों के वोट शहर विधानसभा पर ज्यादा नहीं हैं।

### शहर सीट पर मजबूत फलित, 70 हजार से अधिक है वोट दलित

करंट क्राइम। अगर सर्वे रिपोर्ट पर यकीन करें तो यहां सबसे मजबूत फलित स्थिति में दलित वर्ग है। यहां दलित वोटों की संख्या जाटव वोटों की संख्या 70 हजार के आंकड़े को पार कर रही है। ब्राह्मण समाज के बाद दूसरे नंबर पर दलित समाज है। वो वोट बल के हिसाब से अपनी दावेदारी में है। सर्वे रिपोर्ट में जाटव वोटों की संख्या लाईन पार से अधिक आ रही है। ये स्थिति दलित वोटों के दम पर दावेदारी करने वाले चेहरों को मजबूती दे रही है।

### प्रजापति और पाल मिलकर 35 हजार, बढ़ई-सैनी 10 हजार

करंट क्राइम। सर्वे रिपोर्ट बता रही है कि यहां बढ़ई और सैनी वोट मिलाकर 10 हजार हैं जबकि प्रजापति और पाल समाज के वोट मिलाकर लगभग 35 हजार हैं। ये बिरादरियां किसे वोट करती हैं इस पर निर्भर है लेकिन सर्वे रिपोर्ट में ये खुलकर सामने आ गया है कि यहां पिछडी और अति पिछडी जातियां केवल वोट विभाजन की स्थिति में तो हैं लेकिन वोट निर्धारण की स्थिति में नहीं हैं।

### 4 लाख 70 हजार विधानसभा वाली शहर सीट के वोटों पर हुआ है ये सर्वे

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि विधानसभा को लेकर जो सर्वे हुआ है वो शहर विधानसभा के 4 लाख 70 हजार वोटों पर हुआ है। ये एक निजी एजेंसी का सर्वे है और इसके आंकड़ों की प्रमाणिकता पुष्टि नहीं करती है लेकिन लगभग वाले आंकड़े बता रही है। हालांकि भाजपा ने ये सर्वे कराया जरूर है लेकिन भाजपा टिकट वितरण में जाति के समीकरण को नहीं लाती है। लिहाजा ये माना जा रहा है कि भाजपा ने भले ही ये सर्वे किसी निजी एजेंसी से कराया है लेकिन भाजपा कभी भी टिकट से लेकर संगठन के पद तक जातीय तुष्टिकरण नहीं करती है। उसके पूर्व के टिकट भी बताते हैं कि वो अपने कार्यकर्ता को टिकट देती है और कार्यकर्ता के दम पर चुनाव लड़ती है। लिहाजा ये सर्वे जरूर हुआ है रिपोर्ट भी जरूर आई है लेकिन भाजपा का पिछला रिकोर्ड बताता है कि वह बिरादरी समीकरण पर नहीं बल्कि चेहरा और समर्पण के आधार पर चलती है।

## 'सरकार के प्रयास राम राज्य के लिए प्रयासरत नहीं दिखे, इसलिए जातिवाद आगे बढ़ गया' : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब श्री नितिन गडकरी जी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो उन्होंने उत्तर प्रदेश के कुछ कार्यकताओं की एक बैठक बुलाई थी । उसमें मुझे भी जाने का अवसर मिला था। उस मीटिंग में उत्तर प्रदेश में भाजपा के पुनः 1991 की स्थिति में पहुंचाने पर विचार किया गया था। उस बैठक में मैंने कहा था कि मायावती जीऔर मुलायम सिंह जी के जातिवाद का मुकाबला जातिवाद से नहीं कर सकते। भाजपा को कांटे से कांटा निकालने के प्रयास से बचने की जरूरत है। इस जातिवाद का मुकाबला उदार हिंदुत्व से ही होगा। श्री राम मंदिर चाहे न बना हो लेकिन अगर हम रामराज्य की स्थापना के लिए प्रयासरत दिखते तो भी प्रदेश की जनता हम पर भरोसा करती।लेकिन सरकार के प्रयास उस दिशा में नहीं दिखे इसलिए हम पिछड़ गए और जातिवादी राजनीति आगे बढ़ गई।

यह बात सर्व विदित है कि जैसे जैसे जातिवाद बढ़ेगा हिंदुत्व कमजोर होगा। जातिवाद और हिंदुत्व दोनों को एक साथ साधकर नहीं रखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश में तो जातिवाद की स्थिति और भी भयंकर है।प्रदेश में अनुसूचित जातियों / उपजातियों की संख्या 66 है ।पिछड़ी जातियों /उपजातियों की संख्या 79 है और जनजातियों की संख्या भी 5 है। कोई राजनेता ,कोई राजनैतिक दल ऐसा समीकरण नही बना सकता कि 140 जातियों उपजातियों को एक साथ साध सके।अगड़ी जातियों की संख्या इसमें शामिल नहीं है। उस स्थिति में तो और भी कठिन हो जाता है जब सब जातियों में सत्ता की भूख जगी हो।

प्रदेश में मायावती ने ऐसे प्रयास किये थे कि छोटी छोटी जातियों को जोड़कर एक गुलदस्ता बनाया था और अपने वोट बैंक से प्लस करके सत्ता का दरवाजा खोला था। आप माने या न माने भाजपा ने भी समाज की छोटी छोटी जातियों उपजातियों को जोड़कर जो राजनैतिक समीकरण बनाया था उससे भाजपा प्रदेश में हिट हुई थी।



**उस बैठक में मैंने कहा था कि मायावती जीऔर मुलायम सिंह जी के जातिवाद का मुकाबला जातिवाद से नहीं कर सकते। भाजपा को कांटे से कांटा निकालने के प्रयास से बचने की जरूरत है।**

लेकिन इस फॉमूर्ले की एक समस्या है । वह है ,ये फामूर्ला स्थाई नहीं हो सकता । एक या दो बार तो दल का अपना स्थाई वोटर (वोट बैंक) यह मानकर सहन कर लेता है कि सत्ता में पहुंचने के लिए ये आवश्यक है लेकिन फिर अपने कोर वोटर में ही असंतोष होने लगता है ।उसे लगता है कि सत्ता में सारा मजा तो ये ले जा रहे हैं ,फिर हमें पार्टी के साथ रहने पर क्या मिला ? इसी सोच का परिणाम है ,इस बार भाजपा के कोर वोटर में छीजन हुई है।

इसलिए जातिवाद और हिंदुत्व एक साथ सहअस्तित्व में नहीं रह सकते हैं। जितना जातिवाद बढ़ेगा हिंदुत्व उतना ही कमजोर होगा। वर्तमान समय में हमने जातिवाद का जितना उभार देखा है ,उतना पहले कभी नहीं था। जातिवाद का एक और खराब पक्ष है । उसमें अच्छा और बुरा का अंतर समाप्त हो जाता है। योग्यता और अयोग्यता महत्वहीन हो जाती हैं। एक तरह से अच्छे स्वस्थ समाज का सपना भी चकना चूर हो जाता है। एक सभ्य समाज से आदिवासी कबिलाई संस्कृति के युग मे लौटने जैसा होगा। कठिनाई ये है कि जातियों की राजनीति को हवा देने में लगे लोगों को ये बात समझ नहीं आ रही या अपने हित मे समझना नहीं चाहते। लेकिन एक बात सच है कि देश को इक्कीसवीं सदी से कबिलाई युग में लौटने वाले इतिहास के कूड़ेदान की शोभा बढ़ाएंगे।

# तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के नेता का नाम लेकर बताया हत्यारा



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहते रहे हैं कि उनकी सरकार न किसी को फंसाती है और न बचाती है। लेकिन, इस बार तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश के दोनों दावों के खिलाफ अलग अंदाज में जवाब दिया है। उन्होंने सत्ताधारी नेताओं को बचाने और निर्दोषों को फंसाने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार और उनकी पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चर्चित गोपाल यादुका मर्डर केस में जनता दल यूनाईटेड के प्रखंड अध्यक्ष शंभू जायसवाल के शामिल होने का आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि पूर्णिया के भवानीपुर बाजार में विगत दिनों मारवाड़ी व्यवसायी गोपाल यादुका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### सरकारी पार्टी के पदाधिकारियों को क्यों बचाया जा रहा है?

तेजस्वी यादव ने कहा कि गोपाल यादुका के परिजनों का आरोप है कि पुलिस सीसीटीवी में कैद मुख्य आरोपियों को बचा रही है तथा किसी और को फंसा रही है। हत्याकांड में सम्मिलित सरकारी पार्टी के पदाधिकारियों को क्यों बचाया जा रहा है? क्या यह संयोग है अथवा प्रयोग कि अधिकांश आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता सत्ताधारी दल के नेताओं के इर्द-गिर्द ही क्यों रहती है? पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि इस मर्डर केस में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष व जमीन कारोबारी शंभू जायसवाल का नाम आ रहा है। तेजस्वी यादव ने आरोप भी लगाया कि पुलिस किसी और को जानबूझकर फंसा रही है। दरअसल, तेजस्वी का इशारा राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बेटे राजा पर था। राजा को पुलिस ने इस केस में आरोपी बनाया है। पुलिस ने उसपर हत्या की सुपारी देने का आरोप भी लगाया है।

### तत्कालीन एसपी ने जांच के बाद मुझे क्लीन चिट दे दी थी

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि व्यवसायी गोपाल यादुका की हत्या में भी सत्ता के लोग संलिप्त हैं। बावजूद इसके निदेर्शों को फंसाकर पुलिस उसे जेल में डाल दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिले में जितनी भी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, उस सभी घटना में सत्ता पक्ष के लोगों का नाम आता है। कि सत्ता आते-जाते रहती है। किसी को इसका घमंड नहीं करना चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले भी पूर्णिया में हुए शक्ति मल्लिक हत्याकांड में मेरा नाम घसीटा गया था। तत्कालीन एसपी विशाल शर्मा ने जांच के बाद मुझे क्लीन चिट दे दी। तेजस्वी ने एसपी से अपील करते हुए कहा कि मृत गोपाल यादुका के परिजनों को पुलिस के अभी तक के जांच पर विश्वास नहीं है।

### विपक्ष के रूप में परिवार को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जिम्मेदार विपक्ष के रूप में परिवार को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी है। स्व. यादुका के परिजन पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। सीसीटीवी फुटेज में भी शूटर का मिलान नहीं हो रहा है। यह सत्ता संरक्षित लोगों के द्वारा किया गया वारदात है। उन्होंने आरोप लगाया किपुलिस भी सत्ता के कहने पर काम कर रही है। जब मृतक के परिजन धमदाहा के जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभू जायसवाल का नाम इस हत्याकांड में बता रहे हैं तो फिर यहां की पुलिस इन्हें अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है। बिहार के सुशासन बाबू इसकी जांच करवाने के बजाय निर्दोषों को फंसाने का काम करती है।

# हिमाचल उपचुनाव : भाजपा की जीत पक्की कांग्रेस कर रही जासूसी : जयराम ठाकुर



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के लिए सोमवार को प्रचार थम गया। अब 10 जुलाई को जनता हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीट पर अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान करेगी। चुनाव के नतीजे 13 जुलाई को आएंगे। भारतीय जनता पार्टी उप चुनाव में अपनी जीत के लिए आश्वस्त नजर आ रही है। नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि, हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ। प्रदेश में सत्ता के होने के बावजूद कांग्रेस को लोकसभा की चारों सीट पर हार मिली। अभी जो उपचुनाव होने जा रहे हैं, उसमें भी यही नजारा दिखता है। प्रदेश सरकार पूरे दबाव में चुनाव करा रही है। सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करके लोगों को धमकियां दी जा रही हैं। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। अनावश्यक रूप से उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। यह आज से पहले कभी नहीं हुआ। साथ ही मैं इस बात को देखकर हैरान हूं कि हमारी पार्टी के जो कैंडिडेट हैं, उनकी जासूसी कराई जा रही है। हमारे एक विधायक ने बताया कि, जहां मुख्यमंत्री की पत्नी चुनाव लड़ रही हैं, वहां उनके साथ ऐसा व्यवहार किया गया, इससे उनकी जान को खतरा है। उन्होंने (कांग्रेस) ऐसी स्थिति हिमाचल प्रदेश में पैदा कर दी है। फिर भी मेरा मानना है कि हम तीनों सीटों पर जीतेंगे इस दौरान जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं तोड़ दी है। खनन माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। कुछ खास लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है, जो जांच का विषय है। एक्साइज पॉलिसी में भी बड़े-बड़े लोगों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। टेंडर का लाभ किसी खास कंपनी, पार्टी और व्यक्ति को दिया जा रहा है। इन सब को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जवाब मांगा जाता है, तो वो खामोश रहते हैं। इस दौरान जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि पूरा नॉर्थ ईस्ट कांग्रेस की तत्कालीन सरकार में जल रहा था। तमिलनाडु और केरल में बहुत लोगों की हत्या हुई। उन पर भी उन्हें चिंता व्यक्त करनी चाहिए। राहुल गांधी मणिपुर को लेकर जो कुछ भी कह रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक मकसद के लिए कह रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### भाजपा के पूर्व सांसद श्वेत मलिक को जान से मारने की धमकी



**अमृतसर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद श्वेत मलिक को जान से मारने की धमकी मिली है। भाजपा नेता ने बताया कि किसी ने उनको फोन करके बोला कि रंजीत नामक गैंगस्टर उनको मारने की कोशिश कर रहा है। राज्यसभा के पूर्व सदस्य श्वेत मलिक ने धमकी मिलने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मलिक ने बताया कि तीन जुलाई को देर रात में उनको फोन पर धमकी मिली, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। भाजपा नेता श्वेत मलिक ने 'आप' शासित पंजाब के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि, राज्य की कानून व्यवस्था चिंताजनक है। अभी तक शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का प्रोजेक्ट भी नहीं पूरा हो पाया है। राज्यसभा के पूर्व सदस्य को मिली धमकी को लेकर पुलिस अधिकारी अमोलक दीप सिंह (एसएचओ सिविल लाइन) का कहना है कि, किसी अज्ञात ने श्वेत मलिक को फोन कर कहा कि कोई गैंगस्टर आपको मारना चाहता है, हम मामले की जांच कर रहे हैं, जल्द यह मामला सुलझा लिया जाएगा। उधर, श्वेत मलिक ने कहा कि, मुझे ऐसी धमकियों से डर नहीं लगता। मैं यूथ बीजेपी से निकला हूं। मुझ पर कई हमले हुए हैं, तो ऐसी धमकियों से मैं नहीं डरता। लेकिन यह चिंता का विषय है, गैंगस्टर की इतनी हिम्मत बढ़ गई कि वो मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, ऐसे में आम जनता का क्या हाल होगा।

### तमिलनाडु सरकार ने नए क्रिमिनल लॉ में संशोधन के सुझाव देने के लिए किया समिति का गठन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने मंगलवार को तीन नए आपराधिक कानूनों में राज्य-विशिष्ट संशोधनों का सुझाव देने के लिए एक समिति नियुक्त करने के तमिलनाडु सरकार के फैसले का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपराधिक कानून एक समवर्ती सूची का विषय है जो राज्य विधायिका को संशोधन करने के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आपराधिक न्यायशास्त्र के आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप आपराधिक कानून बनाए जाने चाहिए। पूर्व गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले तीन आपराधिक कानूनों में राज्य संशोधन का सुझाव देने के लिए एक समिति नियुक्त करने के तमिलनाडु सरकार के फैसले का स्वागत करता हूं। चिदंबरम ने कहा कि आपराधिक कानून संविधान की समवर्ती सूची का विषय है और राज्य विधानमंडल इसमें संशोधन करने के लिए सक्षम है।

#### समिति करे सभी हितधारकों से साथ चर्चा- चिंदबरम

उन्होंने कहा, मैं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री के. सत्यनारायणन की एक-व्यक्ति समिति के रूप में नियुक्ति का भी स्वागत करता हूं। मैं समिति से अनुरोध करता हूं कि वह न्यायाधीशों, वकीलों, पुलिस, विधि शिक्षकों, विद्वानों और मानवाधिकार कार्यकताओं सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श करे।
नए आपराधिक कानूनों में तमिलनाडु-विशिष्ट संशोधनों को प्रभावी करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नेतृत्व में एक सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया, जो तीनों कानूनों का अध्ययन करेगी और संशोधन करने के संबंध में राज्य सरकार को सिफारिशें करेगी।

# पीलीभीत में बाढ़ से हाहाकार: प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे सीएम योगी, तैयारियों में जुटे जिले के अफसर



**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित पीलीभीत जिले का दौरा कर सकते हैं। उनके संभावित दौरे को लेकर अफसरों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीएम और एसपी ने सोमवार को पूरनपुर के रामलीला मैदान का जायजा लिया। पीलीभीत में बारिश के बाद देवहा और शारदा नदियां उफान पर बह रही हैं। शहर से लेकर देहात तक बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। गांव-घरों में पानी भर गया है। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ और वायुसेना की मदद ली गई है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं। इसको लेकर अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अविनाश पांडे मंगलवार को पूरनपुर के रामलीला मैदान का जायजा लेने पहुंचे। यहां पर हेलीपैड बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि रामलीला मैदान में ही मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर उतरेगा। यहीं से मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे।

### वायुसेना के जवानों ने किया एयरलिफ्ट

पूरनपुर के चंदिया हजारा क्षेत्र में शारदा की बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर पहुंचे। एयरलिफ्ट कर कई लोगों को सुरक्षित निकाला गया। वहीं, कलीनगर क्षेत्र में पानी कम होने से राहत मिली है। बाढ़ की चपेट में आए अधिकांश इलाकों में खाने पीने का संकट आ गया है। शारदा नदी के किनारे बसे गांवों के लोग खाने के लिए तरस रहे हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने बताया कि जिले के करीब 35 गांव बाढ़ की चपेट में आए हैं। जिले भर में मंगलवार को पानी के बीच फंसे करीब दो सौ लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### शहर में बिगड़े हालात

शारदा नदी के बाद रात नानक सागर से पानी छोड़ने से खकरा और देवहा नदी भी उफना गई। बाढ़ से शहर के अधिकांश इलाकों के हालत बिगड़ गए। रातभर तेजी से जलस्तर बढ़ा। दहशत के बीच लोगों ने रात जागकर काटी। मंगलवार सुबह बाढ़ से सड़कों से लेकर घरों तक पांच फीट तक पानी घुस गया। जरूरी सामान समेत लोग छतों पर चढ़ गए। पूरनपुर क्षेत्र में शारदा नदी की बाढ़ में फंसे लोगों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाला। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री असीम अरुण आज करेंगे समीक्षा बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार 10 जुलाई को प्रभारी मंत्री गाजियाबाद एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण गाजियाबाद के दौरे पर रहेंगे। जहां वह सुबह करीब 12:30 बजे भाजपा पदाधिकारी के साथ राजनगर एक्सटेंशन डी वेलवेट लीफ में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक में भाग लेंगे। तो वहीं दोपहर 2 बजे कलेक्ट सभागार में समीक्षा बैठक में अधिकारियों से बातचीत करेंगे और उनकी रिपोर्ट देखेंगे। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री गाजियाबाद असीम अरुण शाम 4 बजे उद्यमी और शासन संवाद कार्यक्रम के तहत एचएलएम कॉलेज दुहाई के कार्यक्रम में शामिल होंगे। असीम अरुण लोकसभा चुनाव होने के बाद पहली बार कार्यक्रम और बैठक के लिए जिले में आ रहे हैं। संभावना है कि वह संगठन और पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव के परिणाम और अन्य गाजियाबाद के विषयों पर चर्चा भी करेंगे। साथ ही लैटर के मैटर के साथ पुलिस-प्रशासन की वर्किंग भी जानेंगे।

### दिल्ली सरकार की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने पेड़ काटने वाली जगह का किया दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार और एलजी के बीच पेड़ काटने के मुद्दे को लेकर रार ठन गई है। दिल्ली सरकार की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने मंगलवार को पेड़ काटने वाली जगह का निरीक्षण किया। दिल्ली सरकार की तरफ से दो लेटर भी जारी करते हुए बताया गया है कि जब एलजी ने यहां का दौरा किया था तब सभी अधिकारी मौजूद थे। दिल्ली सरकार का आरोप है कि डीडीए ने ही छतरपुर के रिज क्षेत्र में बीजेपी के एलजी के आदेश पर गैरकानूनी ढंग से 1,100 पेड़ कटवा दिए थे। इस मुद्दे पर दिल्ली सरकार के तीन मंत्रियों की एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई थी। मंगलवार को कमेटी ने स्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। दिल्ली सरकार ने जारी किए गए पत्र के जरिए बताया है कि 3 फरवरी



2024 को एलजी के सतबरी दौरे के दौरान दिल्ली सरकार के सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। आम आदमी पार्टी ने इस बात को भी उठाया है कि याद रखें कि सुप्रीम कोर्ट लगातार पूछ रहा है कि जब एलजी ने उस स्थान का दौरा किया था, जहां लगभग 1,100 पेड़ अवैध रूप से काटे गए थे, तो कौन मौजूद थे? आम आदमी पार्टी के मुताबिक अब डीडीए का नया दस्तावेज सामने आया है। जिससे साफ हो गया है कि एलजी के सतबरी दौरे के दौरान दिल्ली सरकार के तमाम आला अधिकारी मौजूद थे। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट डीडीए से यह सटीक जानकारी मांग रहा है। रिज क्षेत्र में एलजी की यात्रा के दौरान कौन-कौन लोग मौजूद थे, जहां 1,100 पेड़ काटे गए थे? इस बात पर सभी अधिकारी चुप क्यों थे? गौरतलब है कि दिल्ली के रिज में 1,100 पेड़ काटने को लेकर खड़ा हुआ विवाद अब और भी ज्यादा गर्म होता जा रहा है। आम आदमी पार्टी दिल्ली के एलजी पर हमलावर हो चुकी है। मामला कोर्ट भी पहुंच गया है। इसी मुद्दे पर दिल्ली सरकार ने अपने मंत्रियों की एक अहम बैठक बुलाई थी।

# कठुआ में उत्तराखंड के 5 जवान शहीद, परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल

### सीएम धामी ने भी जताया शोक



**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के 5 जवान शहीद हो गए। एक साथ उत्तराखंड के पांच बेटों की शहादत से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचों जांबाजों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। इस आतंकी हमले में पौड़ी जिले के ग्राम धामदार निवासी राइफलमैन अनुज नेगी ने बलिदान दिया। इनके अलावा टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, पौड़ी जिले के कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह शहीद हुए।

**शहीद के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल:** हमले में शहीद होने के बाद पूरे उत्तराखंड में यह खबर आग की तरह फैल गई। शहीद परिवारों में सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। शहीदों के घरों में लगातार आसपास के लोग पहुंच रहे हैं और शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। तीन भाई-बहनों में इकलौते भाई थे विनोद शहीद विनोद सिंह भंडारी मूल रूप से टिहरी के रहने वाले थे। लेकिन 8 साल पहले उनका परिवार डोईवाला के अठूरवाला में शिफ्ट हो गया था। विनोद सिंह भंडारी तीन बहनों में इकलौते भाई थे। उनकी शहादत से पूरे परिवार में दुख की लहर है। लेकिन उन्हें गर्व है कि उनके बेटे ने देश के लिए बलिदान दिया है।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जताया शोक

सीएम ने x पर लिखा- कठुआ जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के दौरान उत्तराखंड के 5 वीर-जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मां भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध आपका यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। सैन्यभूमि उत्तराखंड वीर सैनिकों को जन्म देने वाली भूमि है। यहां के जवानों ने सदैव मां भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर अपने राष्ट्रधर्म का निर्वहन किया है ।विनम्र श्रद्धांजलि..!

### आदर्श ने जीआईसी पिपलीधार से की थी पढ़ाई

कीर्तिनगर के आदर्श नेगी (26 वर्ष) 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। आदर्श के पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही रहते हैं और खेती-बाड़ी का काम करते हैं।

आदर्श ने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज पिपलीधार में की थी। जिसके बाद दूसरे साल में सेना में भर्ती हो गए थे। आदर्श के तीन भाई बहन हैं जो उनसे छोटे हैं।

# रायबरेली स्थित एम्स पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ओपीडी मे मरीजों का लिया हालचाल



**रायबरेली** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के एकदिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने यहां पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की और रायबरेली एम्स का भी भ्रमण किया और मरीजों से हालचाल लिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं। मंगलवार को वह करीब 10 बजे रायबरेली पहुंचे और सबसे पहले चुरुआ के हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर भुएमऊ गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो गए। यहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से मुलाकात की और लोगों से मिले। दोपहर को वह रायबरेली के एम्स अस्पताल पहुंचे और यहां पर भर्ती मरीजों से उनका हालचाल लिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद से ही वह खासे सक्रिय हैं। लोकसभा सत्र खत्म होने के बाद वह गुजरात गए। इसके बाद असम व मणिपुर का दौरा किया। अब रायबरेली में हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से करीब चार लाख मतों से जीत दर्ज की थी। उनके पहले उनकी मां सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद रह चुकी हैं।

### शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मिले राहुल गांधी

इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और विभिन्न संगठनों से मुलाकात के अलावा सियाचीन में शहीद हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार से भी मुलाकात की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए शहीद की मां ने राहुल की तारीफ की साथ ही अग्निवीर योजना की मुखालफत की। उन्होंने बताया कि जिस तरह राहुल गांधी कह रहे हैं, उससे उम्मीद है कि अग्निवीर योजना खत्म होगी। राहुल गांधी से प्रभावित हुई मंजू सिंह ने बताया कि राहुल गांधी को उन्होंने राष्ट्रपति भवन में तब देखा था। जब वह शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को मिले कीर्ति चक्र सम्मान को हासिल करने पहुंची थीं। बताया कि राहुल को जब वह संसद में बोलते हुए सुनती थीं तो इच्छा थी एक बार उनसे मिलने की। जब इच्छा जाहिर की तो फोन नंबर लिया और फिर रायबरेली में मिलने का समय मिला। मंजू सिंह ने कहा फौज में अग्निवीर योजना सही नहीं है। बताया कि राहुल गांधी से इस मसले पर बात हुई तो इस दौरान लगा कि वह इस योजना पर रोक लगा कर रहेंगे।

# पुलिस हिरासत से रिहा हुए युवक की मौत के बाद लोगों ने काटा बवाल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के धोलाहाट में मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब कुछ दिनों पहले ही जमानत पर बाहर आए युवक की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने पुलिस थाने के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय अबू सिद्दीक हलदर नामक युवक की सोमवार देर रात मौत हो गई। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतक युवक की मौत पुलिस हिरासत में पिटाई के कारण लगी चोटों के कारण हुई है। मृतक के पिता ने जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में इसकी लिखित शिकायत दी है, जिसमें उन्होंने कहा कि ढोलाहट थाने के पुलिसकर्मियों ने हिरासत में पीड़ित की पिटाई की, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए सैकड़ों स्थानीय लोग मंगलवार सुबह पुलिस स्टेशन पर जमा हो गए। विरोध प्रदर्शन करने वालों में ज्यादातर महिलाएं थीं। एक समय ऐसा आया जब भीड़ काफी आक्रामक हो गई और उसने पुलिस स्टेशन में घुसने की कोशिश की। वहां मौजूद भीड़ को हटाने के लिए पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक पीड़ित को 30 जून को आभूषण चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि हिरासत के दौरान पुलिस ने उसे कई बार पीटा, जिसका सबूत 4 जुलाई को जिला अदालत में पेश किए जाने के दौरान उसके शरीर पर लगी चोटों से मिलता है। उस दिन उसे जमानत दे दी गई और उसे स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया, जहां कुछ प्राथमिक उपचार के बाद उसे छोड़ दिया गया। पीड़ित की मां तस्लीमा बीबी ने दावा किया कि घर वापस आने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसे कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे उपचार के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। हालांकि, सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई और मंगलवार सुबह इसकी जानकारी सामने आई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होने तक मामले में जिला पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 10 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित



SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE
(Your Health is Our Priority)
Ultrasound ⊕ Digital X-Ray
ECG ⊕ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360

# जिस कमेटी के ललित जायसवाल हैं अध्यक्ष लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बने उसके संरक्षक

## कमेटी ने किया अनुरोध व सांसद ने किया स्वीकार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति चलती रहती है और समाज सेवा भी चलती रहती है लेकिन इन सबके साथ साथ सम्बन्धों की एक बयार भी चलती है। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डेन ललित जायसवाल और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की कैमीस्ट्री सभी जानते हैं। अतुल गर्ग सियासत के मैदान में खुलकर हैं और ललित जायसवाल राम के काम से लेकर समाज के काम तक साईलेंट मोड पर रहकर सारे काम कर देते हैं। वो कभी खुद को फ्रंट पर नहीं लाते हैं। लेकिन कुछ मौके ऐसे होते हैं। जब खुशी का सैलीब्रेशन अपनों के साथ होता है। अतुल गर्ग जब लोकसभा सांसद बने और उनका अभिनंदन हो गया उन्होंने संसद में शपथ ले ली। कार्यकताओं का अभिनंदन हो गया। इसके बाद सिविल डिफेंस की चीफ वार्डेन तथा कविनगर रामलीला धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल कमेटी के पदाधिकारियों केसाथ अतुल गर्ग के आवास पर पहुंचे। यहां पर कमेटी के पदाधिकारियों ने लोकसभा सांसद बनने पर अतुल गर्ग का अभिनंदन किया, उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने अतुल गर्ग से कविनगर की रामलीला कमेटी धार्मिक रामलीला कमेटी का संरक्षक बनने का अनुरोध किया। ये इजहार ऐसा था कि सांसद इंकार ही नहीं कर सके। कमेटी के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष तथा सिविल डिफेंस की चीफ वार्डेन ललित जायसवाल के साथ जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से समिति का संरक्षक बनने का अनुरोध किया तो सांसद अतुल गर्ग ने इसे सहर्ष स्वीकार किया। इसके बाद समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और अब सांसद अतुल गर्ग उस समिति के सरंक्षक हैं जिस समिति के ललित जायसवाल पहले से अध्यक्ष हैं। रामलीला समिति को उम्मीद है कि अब कविनगर की रामलीला और अधिक भव्य, आर्कषक और भव्य विजन के साथ होगी। क्योंकि ललित जायसवाल तो हमेशा से कुछ बड़ा करते हैं और नई और अनूठी चीजें लाने में अतुल गर्ग भी पीछे नहीं रहते हैं। सांसद अतुल गर्ग का अभिनंदन करने वालों ने कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चौपड़ा, मेला मंत्री तरूण चोटानी, सहमंत्री नवेन्दु सक्सैना, पुनीत बेरी, ऋषि माकड़ और देवेन्द्रपाल कौशिक मुख्य रूप से मौजूद रहे।


# बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष पद पर रहा है त्यागी- ब्राह्मण बिरादरी का दबदबा


## अब तक 18 त्यागी और 12 ब्राह्मण बार अध्यक्ष जीते हैं चुनाव

गौरव शशि नारायण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद का 19 जुलाई को मतदान होना है। वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी चुनी जानी है। मतदान से पूर्व बुधवार से नामांकन की दो दिनों तक प्रक्रिया चलेगी। इन सबके बीच अब तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष पद को लेकर जो जानकारी निकाल कर आई है, वह बताती है कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए त्यागी और ब्राह्मण चेहरे हमेशा से वर्चस्व में रहे हैं। साल 1976-77 से लेकर वर्ष 2022-23 तक की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर 18 बार त्यागी फेस के अध्यक्ष को विजय मिली है। तो वहीं 12 बार अब तक ब्राह्मण अध्यक्ष का दबदबा रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर त्यागी- ब्राह्मण कास्ट फैक्टर हावी रहता है।


स्व भारतेन्दु शर्मा


राम शरण शर्मा



अनिल पंडित


योगेन्द्र कौशिक

### ब्राह्मण समाज के यह चेहरे रहे हैं बार अध्यक्ष

**करंट क्राइम** । ब्राह्मण अध्यक्ष के पद पर 1982-83 में लीलाधर शर्मा रहे। तो 1984-85 में दीनानाथ शर्मा बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष बने। 1986 और 87 में भारतेंदु शर्मा ने विजयी हासिल की। साल 1989-90 में जयकरण शर्मा अध्यक्ष चुने गए। 1994 और 95 में रामचरण शर्मा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने। वहीं 2001 में दर्शनानंद गौड़ ब्राह्मण चेहरे के रूप में अध्यक्ष चुने गए। साल 2004-05 में अनिल पंडित ने ब्राह्मण चेहरे के रूप में विजय हासिल की। तो वर्ष 2000 में देवेंद्र कुमार शर्मा, 2012-13 में भारतेंदु शर्मा, 2014-15 में पुन: अनिल पंडित, 2018-19 में फिर अनिल पंडित बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष चुने गए। इसी के साथ साल 2021-22 में योगेंद्र कौशिक राजू ब्राह्मण चेहरे के रूप में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष विजय हुए थे।


राकेश काकड़ा


बालेश्वर त्यागी


राजपाल त्यागी


सुभाष त्यागी


राकेश त्यागी कैली

### यह त्यागी फेस बार के रह चुके हैं अध्यक्ष

करंट क्राइम । वर्ष 1977-78 में राजपाल त्यागी अध्यक्ष रहे। तो 1978-79 में रवि दत्त त्यागी अध्यक्ष बने। साल 1983-84 में बालेश्वर त्यागी बार के अध्यक्ष बने, तो पुन: 1984 व 85 में उन्होंने जीत हासिल की। इसके साथ ही वर्ष 1991-92 में कुशल पाल त्यागी अध्यक्ष रहे। तो वर्ष 1993-94 में जय प्रकाश त्यागी अध्यक्ष चुने गए थे। वर्ष 1996 में राकेश कुमार त्यागी कैली पहली बार के अध्यक्ष बने। वर्ष 1998 में राकेश त्यागी अध्यक्ष रहे। तो 2003 और 2004 में सुभाष त्यागी ने इस पद पर कब्जा जमाया। साल 2005-06 में दोबारा से राकेश कुमार त्यागी कैली अध्यक्ष बने। साल 2009 में शिवदत्त त्यागी ने इस पद पर विजय हासिल की। तो साल 2011-12 में राकेश कुमार त्यागी कैली फिर विजयी हुए। वर्ष 2012-13 में राकेश त्यागी काकड़ा, वर्ष 2016-17 में राकेश कुमार त्यागी कैली व 2017-18 में राकेश त्यागी काकड़ा विजयी हुए। वर्ष 2019-20 में सुनील दत्त त्यागी अध्यक्ष बने। तो 2020-2021 में मुनीष त्यागी के नाम यह है पद आया। साल 2022-23 में राकेश त्यागी कैली ने फिर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की थी।

## लाखों का गांजा तस्करी करने वाला नहीं इस्तेमाल करता था फोन

# गिरफ्तारी पर पुलिस से बोला बता दो मैं कैसे पकड़ा गया

### क्राइम ब्रांच गाजियाबाद ने किया गिरफ्तार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने उड़ीसा से दिल्ली-एनसीआर में गांजे की तस्करी करने वाले एक इंटर स्टेट तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लगभग 60 लाख रुपए का 120 किलो गांजा कैंटर गाड़ी से बरामद किया है। खास बात यह है कि पकड़ा गया आरोपी संतोष निवासी एटा की उम्र 22 साल है और यह है बीते कई सालों से गांजा तस्करी कर रहा है। पुलिस से जानकारी मिली है कि गांजा तस्करी करने के दौरान यह एक राज्य से दूसरे राज्य में प्रवेश लेने से पहले ही अपना मोबाइल फोन हटा देता था। यह मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था। मंगलवार को जब मुरादनगर थानाक्षेत्र से क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी संतोष को गिरफ्तार किया, तो वह हैरान रह गया कि पुलिस ने उसको कैसे ट्रैस किया और वो पकड़ा गया। आरोपी संतोष से जब अधिकारियों ने पूछताछ की तो संतोष ने पूछा कि साहब मुझे बता दो कि आखिर मैं पकड़ा कैसे गया हूं। पुलिस के बेहद विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि आरोपी के कैंटर का नंबर पुलिस को मुखबिर से मिला था, जिसको को पुलिस चेकिंग में ट्रेस कर रही थी और इसी दौरान यह सफलता हासिल हुई। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद और क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि पकड़े गए 120 किलो गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 60 लाख रुपए के आसपास है।

### 9 महीने पहले जेल से आया था बाहर

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पूछताछ में अभियुक्त संतोष ने बताया है कि वह 12वीं पास है। उसकी पारिवारिक स्थिति खराब थी और छोटा भाई गूंगा बहरा है, इसीलिए वह ट्रक और कैंटर की डाइवरी करने से जब गुजारा नहीं होता था, वह अनोज नाम के एक व्यक्ति के संपर्क में आया और गांजा तस्करी शुरू कर दी। पुलिस ने यह भी बताया है कि वर्ष 2022 में मैनपुरी जेल में संतोष गैंगस्टर में बंद हुआ था। 9 महीने बाद जेल से छूटा और फिर हर बार गांजा तस्करी करने के लिए उसे 40 से 50 हजार रुपए मिलते थे। वह लंबे समय से गांजा तस्करी कर रहा था। पुलिस की मानें तो 22 वर्षीय संतोष नाबालिक अवस्था से ही मादक पदार्थों की तस्करी का धंधा कर रहा है। पुलिस ने बताया है कि उसकी गाड़ी का नंबर मिलने के बाद पुलिस ने उसको ट्रेस करना शुरू कर दिया था।

### घर का खर्चा पूरा करने के लिए चुना था तस्करी का धंधा

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि संतोष ने घर का खर्चा पूरा करने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी का काम शुरू किया था। यह उड़ीसा से कैंटर के जरिए गांजा लेकर दिल्ली आता था, फिर यहां से आसपास के इलाकों में सप्लाई की जाती थी। इस पूरे नेटवर्क को अनोज नाम का व्यक्ति चल रहा था। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच टीम बीते 18 महीने में कई करोड़ का गांजा व अन्य मादक पदार्थ जप्त कर चुकी है।

# पार्षदों ने किया वार्ड कोटा खत्म होने का दावा

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड के पार्षदों के कार्यकाल को 14 माह पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब भी कुछ वार्डों में वहां के पार्षदों को उनके कोटे का पूरा धन नगर निगम की ओर से आवंटित नहीं किया गया है जिससे बहुत सारे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। छोटे-छोटे कार्यों को लेकर वार्डों में नागरिक हंगामा कर रहे हैं और निगम अधिकारियों व पार्षद को शिकायत की जाती है लेकिन पार्षद कोटे का धन आवंटित नहीं होने से पार्षदों के हाथ बंधे हैं। बात इतने तक सीमित नहीं है सत्ता पक्ष पर विपक्षी पार्षदों का भेदभाव जैसे गंभीर आरोप भी हैं। विपक्षी पार्षदों का कहना है कि चुने हुए पार्षदों को भले ही कोटे का पूरा धन नहीं मिला हो लेकिन जो सत्ता पक्ष से नामित पार्षद हैं उन्हें कोटे का धन आवंटित हो गया है जिससे चुने हुए कुछ पार्षदों में रोष है।

### वार्ड- 34 में हुआा कोटे का 37 लाख रुपया खर्च : खुर्शीदा बेगम



**करंट क्राइम।** शहीदनगर के वार्ड- 34 की सपा पार्षद खुर्शीदा बेगम कहती हैं कि केवल 14 माह में अपने पार्षद कोटे की राशि से 37 लाख का काम हुआ है। 13 लाख कोटे का धन आवंटित नहीं हुआ है जिससे स्मार्ट वार्ड में अब भी कई दर्जनों बुनियादी सुविधाओं की पब्लिक बाट जोह रही है। उन्होंने बताया कि उनका वार्ड मलिन बस्ती में आता है जिसमें सांसद, विधायक व मेयर का कोटा भी लग सकता है लेकिन किसी ने भी उनके वार्ड में कोई निधि खर्च नहीं की है, और नाही 15 वें वित्त आयोग से कोई काम हुआा।

### वार्ड- 97 में पार्षद कोटा पूरा खर्च किया गया : पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल



**करंट क्राइम।** रामप्रस्थ चंद्र नगर वार्ड- 97 के भाजपा पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल कहते हैं कि पार्षद कोटे का 50 लाख रुपया वार्ड के विकास में पूरा खर्च हो गया है। उन्होंने कहा निगम का पूरा सहयोग मिल रहा है। वार्ड के विकास कार्य के लिए दो सड़क, सड़क किनारे टाइल्स का कार्य भी पूरा कराया गया है। वहीं 15 वें वित्त आयोग से भी वार्ड की सड़क का निर्माण कार्य हुआ है।

### वार्ड- 57 में पार्षद कोटे के 21 लाख हुए खर्च : राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** भाजपा पार्षद राधेश्याम त्यागी कहते हैं कि अभी तक मात्र 21 लाख का ही काम पार्षद कोटे से हुआ है। 29 लाख का टेंडर होना है, उन्होंने कहा कि मेयर की ओर से 13 लाख और विधायक कोटे से 50 लाख के कार्य होने हैं। उन्होंने बताया कि कुछ टेन्डर लगे हुए हैं बारिश के बाद कार्य शुरू होंगे।

### वार्ड- 68 में पूरा खर्च हुआा पार्षद कोटा : विनय चौधरी



**करंट क्राइम।** बृज विहार वार्ड-68 के पार्षद विनय चौधरी का कहना है कि 14 माह पूरे होने के बाद उनके वार्ड में 50 लाख का पार्षद कोटा मिला था जो पूरी तरह खर्च हो चुका है, जिसमें वार्ड के विकास के लिए कई सड़क का निर्माण कराया। वहीं 15 वें वित्त आयोग से भी वार्ड में विकास के कार्य हुए हैं। पार्षद ने कहा कि पार्क में जल निगम द्वारा पंपों का भी कार्य कराया गया है। उन्होंने कहा बरसात के बाद और भी कम होने बाकी हैं जिनका टेंडर अभी होना है।

### वार्ड- 86 के विकास के लिए पार्षद कोटा हुआ पूरा खर्च : मदन राय



**करंट क्राइम।** वार्ड- 86 के भाजपा पार्षद मदन राय ने कहा कि राजेंद्र नगर वार्ड 86 में 50 लाख के काम पार्षद कोटे से कराए हैं, जिसमें 4 सड़क, एक नाला व टाइल्स का कार्य कराया गया है।द उन्होंने कहा कि निगम द्वारा जो कोटा मिला था, वह पूरी तरह खर्च हो चुका है। अब नए कोटे का इंतजार है, जैसे ही पार्षद कोटे का पैसा आयेगा वार्ड में विकास के कार्य होंगे।

# भगवा गुरुजी की टिकट वाली दावेदारी नहीं है ऑन वेकेशन

## की है प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात और आ रही है लखनऊ वाली लोकेशन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सभावनाओं का कोई अंत नहीं होता। राजनीति में नेता समीकरण के हिसाब से बात करते हैं। समीकरण के हिसाब से सोचते हैं और समीकरण के हिसाब से ही मुलाकात करते हैं। गुरूजी की उम्र अब भले ही कसरत वाली नहीं रही है लेकिन चुनावी हसरत उनमें अब तक बाकी है। जो लोग गुरूजी की घोषणा पर यकीन कर रहे थे और कह रहे थे कि चुनाव को लेकर गुरूजी के यहां कोई टेंशन नहीं है तो वो लोग अपडेट हो जायें क्योंकि गुरूजी की दावेदारी ऑन वेकेशन नहीं है। गुरूजी ने अपनी दावेदारी की छुट्टी नहीं ली है बल्कि वो और अधिक एक्टिव मोड में है। सूत्र बताते हैं कि गुरू जी की लोकेशन लखनऊ की आ रही है। गुरूजी ने गेम का पहला स्ट्रोक मार दिया है। वो चुनावी दावेदारी वाली कसरत में पूरी तरह से एक्टिव हैं। सूत्र बताते हैं कि गुरू जी की लोकेशन लखनऊ की है। गुरूजी ने भले ही कहा हो कि मेरा शहर वाले उपचुनाव में कोई इन्टरेट नहीं है लेकिन इस बात का ट्रस्ट करना ही होगा कि गुरू जी का पूरा इन्टरेस्ट है और गुरू जी ने लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से मुलाकात की है। अब किस विषय पर बात हुई है ये तो गुरू जी बैटर बता सकते हैं। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि मैटर चुनाव वाला ही है। अगर सूत्रों की बात माने तो गुरूजी की करंट लोकेशन भी लखनऊ मे है और वो राजनीति के वो मझें हुए खिलाडी है जो नहले पर दहला करना जानते हैं। वो भले ही सियासी ट्रेक पर जनरली साईलेंट चल रहे हो। लेकिन ये साईलेंस अपने आप में सस्पेंस लिए हुए हैं। राजनीति में मुलाकातों के अर्थ होते हैं और गुरूजी ने अपनी तरकश से तीर निकाला है।

बताने वाले ये भी बता रहे हैं कि चुनावी मुलाकात और दावेदारी वाली बात में ठाकुर वाली नाराजगी वाला फैक्टर भी है और लोकसभा वाली नाराजगी को दूर करने का ये नया फामूर्ला है। बहरहाल अगर ठाकुर कोटे की बात हुई तो यहा गुरू जी की दावेदारी का सोटा सबसे मजबूत रहेगा। जो लोग गुरूजी को दावेदारी वाले गेम से आउट मान रहे थे वो इस बात को समझ लें कि मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया है और गुरूजी की लोकेशन लखनऊ में होना ही बता रहा है कि गुरूजी गेम में शामिल हैं।

## संपादकीय

# नकल माफियाओं को सरकारी प्रश्रय!

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट में पर्चाफोड़ हुआ है, मगर इसमें देखना होगा कि इसका दायरा कितना बड़ा है। दरअसल, विद्यार्थियों की तरफ से दायर याचिकाओं में दोबारा नीट परीक्षा कराने की मांग की गई है। इस संबंध में अदालत ने एनटीए और सीबीआइ से पूछा है कि इसका दायरा कितना बड़ा है। अगर दो छात्रों को इसका लाभ मिला है, तो पूरी परीक्षा को रद्द करने का आदेश नहीं दिया जा सकता, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से पर्चाफोड़ हुआ है तो यह जंगल की आग की तरह है। अगर परीक्षा की शुचिता नष्ट हुई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। हालांकि एनटीए और सरकार अंत तक अपनी दलील पर अड़े रहे कि जिन अभ्यर्थियों को कृपांक दिया गया था, उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया और अब नतीजे दुरुस्त हैं। मगर अदालत ने एनटीए से पर्चाफोड़ की प्रकृति और उन केंद्रों के नाम बताने को कहा है, जहां पर्चाफोड़ हुआ। सीबीआइ से पूछा है कि उसकी जांच में क्या तथ्य हाथ लगे हैं। दोबारा परीक्षा की मांग करने वाले छात्रों से भी अपने पक्ष में तर्क देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई गुरुवार को होनी है। लगता नहीं कि एनटीए के पास अपने बचाव में कोई पुख्ता दलील बची है। वह शुरू से यही कहती आ रही है कि इस परीक्षा में पर्चाफोड़ हुआ ही नहीं। केंद्रीय शिक्षामंत्री भी कहते रहे कि परीक्षा से पहले पर्चे बाहर नहीं गए। सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि पर्चाफोड़ तो हुआ है। परीक्षा के दिन से ही विद्यार्थी आरोप लगा रहे हैं कि इसमें नकल कराई गई, मगर एनटीए उसे खारिज करता रहा। फिर जब नतीजे आए तो अभूतपूर्व ढंग से सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे अंक मिले देखे गए। यह भी तथ्य उजागर हो गया कि कुछ केंद्रों पर ही ऐसे विद्यार्थियों की संख्या अधिक थी। एनटीए दलील देता रहा कि चूंकि जिन विद्यार्थियों को पर्चा मिलने में देर हुई उन्हें कृपांक दिए गए, इसलिए उनके अंक बढ़ गए। मगर इस सवाल का उसके पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था कि कृपांक देने का उसका आधार क्या था। फिर दबाव बना, तो पंद्रह सौ से अधिक कृपांक पाए विद्यार्थियों की दोबारा परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में करीब चौबीस लाख विद्यार्थी बैठे थे। इसके लिए उन्होंने महीनों कड़ी मेहनत से तैयारी की थी। अगर दोबारा परीक्षा होगी, तो उन्हें फिर से उसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। विडंबना है कि न तो एनटीए ने इस मामले को गंभीरता से लिया और न सरकार ने। कहां तो सरकार को यह भरोसा कायम करना चाहिए कि इस तरह की किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में कोई धांधली हो ही नहीं, वह खुद इस पर पर्दा डालने में जुटी रही। अगर वह सचमुच इसे लेकर गंभीर होती, तो मामला सर्वोच्च न्यायालय में जाने ही न पाता। सरकार के इस रवैए से पर्चाफोड़ करने वाले नकल माफिया को प्रश्रय ही मिलेगा और वे काबिल छात्रों की हकमारी कर पैसे के बल पर अयोग्य विद्यार्थियों को चिकित्सा जैसे संवेदनशील महकमे में प्रवेश दिलाते रहेंगे। जब तक सरकार सच्चाई स्वीकार करने का साहस नहीं दिखाती और नकल कराने वालों के खिलाफ गंभीरता से सख्ती नहीं बरतती, तब तक ऐसी समस्याओं से पार पाना कठिन बना रहेगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड

# यूपी सरकार के रोड टैक्स माफ करने के फैसले से ऑटो शेयरों में तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों ने ऑटो, फार्मा और एफएमसीजी शेयरों की अगुआई में नई ऊंचाई को छुआ, जिसमें मारुति सुजुकी इंडिया सबसे ज्यादा लाभ में रही। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार ने स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारों पर पंजीकरण कर माफ करने की घोषणा की है, जिसके चलते ऑटो शेयरों के भाव चढ़ गए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कारों और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण कर को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह माफ करने की घोषणा की है। इसके बाद मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में 6.52 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और यह 12,807 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।



इस कदम से मारुति सुजुकी की ग्रैंड विटारा एसयूवी और इनविक्टो एमपीवी के साथ-साथ टोयोटा और होंडा जैसी अन्य वाहन निमार्ता कंपनियों को भी फायदा होगा। ारुति सुजुकी के अलावा, सेंसेक्स पर एमएंडएम, आईटीसी, टाइटन कंपनी और सन फार्मा शीर्ष लाभ में रहीं, जबकि बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और जेएसडब्ल्यू स्टील घाटे में रहीं। बाजार बंद होने के वक्त सेंसेक्स 391 अंक बढ़कर 80,351 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 112 अंक बढ़कर 24,433 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 143 अंक बढ़कर 52,568 अंक पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक भी फायदे के साथ बंद हुए। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू और वैश्विक दोनों कारक बाजार की गति को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल, एफएमसीजी और ऑटो जैसे उपभोग क्षेत्र लाभ में अग्रणी हैं, जो मानसून और खरीफ की बुवाई में प्रगति से उत्साहित हैं। निवेशक पहली तिमाही के आय परिणामों का इंतजार कर रहे हैं, जो बाजार की दिशा तय करेंगे। उधर रुपया मंगलवार को 83.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अब पूरा ध्यान सरकार के आगामी बजट पर है।

## रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी में मोनेट से प्रेरित डिजाइन बढ़ा रहा स्मार्टफोन की खूबसूरती




**नई दिल्ली।** डिजिटल युग में हमारे स्मार्टफोन सिर्फ कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं रह गए हैं, वे हमारे पर्सनल असिस्टेंट्स और एंटरटेनमेंट हब बन गए हैं। वे दिन गए जब किसी फोन की कीमत सिर्फ उसकी प्रोसेसिंग पावर या कैमरा क्वालिटी से मापी जाती थी। आज के उपभोक्ता ऐसे डिवाइस की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो न सिर्फ बेहतरीन परफॉर्म करते हैं, बल्कि उनकी पर्सनल स्टाइल के अनुकूल हो। इस बदलाव ने स्मार्टफोन डिजाइन के एक नए युग की शुरूआत की है, जहां टेक्निकल खासियत के साथ-साथ यूजर एक्सपीरियंस को भी समान महत्व दिया जाता है। रियलमी मानता है कि स्मार्टफोन का डिजाइन उसकी कार्यक्षमता के समान ही जरूरी है। इसके लिए उसने रियलमी डिजाइन स्टूडियो की स्थापना की, जो इनोवेटिव मटेरियल, यूनिक फॉर्म्स और उभरती टेक्नोलॉजी पर फोकस करता है। डिजाइन एक्सीलेंस के प्रति यह प्रतिबद्धता उनकी फ्लैगशिप नंबर सीरीज में झलकती है, जो किफायती कीमतों पर एडवांस फीचर्स प्रदान करते हैं। प्रत्येक नए मॉडल के साथ, रियलमी अलग-अलग डिजाइन को एक्सप्लोर करता है और इमर्सिव विजुअल एक्सपीरियंस की सीमाओं को आगे बढ़ाता है। इस फिलॉसफी का लेटेस्ट अवतार अपकमिंग रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी- एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा में देखा जा सकता है। ये मॉडल रियलमी और बोस्टन के म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) के बीच एक अभूतपूर्व सहयोग पर आधारित है, जो आर्ट क्यूरेशन और एग्जीबिशन में ग्लोबल लीडर है।

## राशिफल

**मेष :** कुछ भावनात्मक मुद्दे आपको परेशान कर सकते हैं। आज आपके लिए बेहतर होगा कि आप किसी भी तरह के वाद–विवाद से बचें।

**वृष :** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपसी विश्वास की मदद से आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। मेहनत का फल आपको जल्द ही मिलेगा।

**मिथुन :** आज आपको पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी. भाग्य के भरोसे न रहें, मेहनत पर ध्यान दें। ध्यान रखें कि धैर्य से आप सब कुछ जीत सकते हैं। निवेश से लाभ होगा।

**कर्क :** आपका पूरा ध्यान करियर में आगे बढ़ने पर रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का भी मौका मिल सकता है।

**सिंह :** परीक्षा, प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल होने वाले सफल होंगे. जिन लोगों का मामला अदालत में लंबित है, उनमें कुछ सकारात्मक विकास देखने को मिलेगा।

**कन्या :** आज के दिन आप काम के प्रति काफी सक्रिय रहेंगे. कई दिनों से रुके हुए काम पूरे करने के बाद आज आप राहत की सांस लेंगे।

**तुला :** आज आपको आर्थिक लाभ होगा. आपके व्यवसाय में आश्चर्यजनक वृद्धि के संकेत हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। सीनियर्स से आपकी जान–पहचान बढ़ेगी। उन्नति होगी।

**वृश्चिक :** पद, वेतन या आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है. किसी नए स्थान पर जाने के योग बन रहे हैं। आप नई चीजें भी सीख सकते हैं।

**धनु :** आपके प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी और आप कुछ महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करेंगे, जो लंबे समय में फायदेमंद साबित होंगे। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मकर :** आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं. लेकिन किसी जरूरी काम के चलते आपको योजना टालनी पड़ सकती है।

**कुंभ :** आज भूमि और भवन संबंधी कार्यों में तेजी आएगी. आपके काम में जीवनसाथी का सहयोग आपको एक नई ऊर्जा देगा। लव लाइफ में तनाव हो सकता है।

**मीन :** आपके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आ सकता है। परेशानियां कम हो सकती हैं। आपके मन में जो भी बातें चल रही हैं, किसी और के साथ सोचेंगे तो फायदा होगा।

## चुटकुले

लड़का जैसे ही कॉलेज में पहुंचा,
खुशी के मारे उछलने लगा...!
दोस्त – क्या हुआ, इतना खुश कैसे है?
लड़का – आज पहली बार मुझसे
किसी लड़की ने मेट्रो में बात की!
दोस्त – वाह भाई, क्या बात हुई?
लड़का – मैं बैठा था, वो बोली
उठो ये लेडीज सीट है...!

पप्पू – क्या तुमने कभी कोई खतरनाक
खेल खेला है...?
गप्पू – हां... कभी–कभी बीवी को
उल्टा जवाब दे देता हूं...!

पप्पू – अच्छे दोस्त कितना भी रूठें,
उन्हें मना लेना चाहिए...!
गप्पू – क्यों...?
पप्पू – क्योंकि, वो अपने सारे राज जानते हैं...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कोटार्ड के सिंड्रोम में, जीवित लोग खुद को मरा हुआ मानते हैं।
- क्या आप जानते हैं? अब तक सभी मानव इतिहास में करीब 100 अरब लोग मारे गए हैं।
- साल 2004 में, फिनलैंड में एक कर लेखा परीक्षक का अपनी मेज पर निधन हो गया, और विभाग में एक ही मंजिल पर 100 कर्मचारियों के सदस्य होने के बावजूद, किसी को भी एहसास नहीं हुआ कि वह 2 दिनों से मर चुका था।
- भारत में जोरोस्ट्रियन पारसी समुदायं दफनाने के बजाए गिद्धों के लिए मृतकों की पेशकश करता है।
- क्या आप जानते हैं? डॉक्टरों की खराब लिखावट सालाना 7,000 से अधिक लोगों को मार देती है।
- शार्क सालाना लगभग 12 लोगों को मार देते हैं। लोग 11, 417 शार्क–एक घंटे में मारते हैं।
- साल 2004 में, पराग्वे में एक सुपरमार्केट आग में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई क्योंकि मालिकों ने दरवाजे बंद कर दिए ताकि लोगों को इसके भुगतान के बिना माल से भागने से रोका जा सके।



# आईसीसी अवॉर्ड्स में भारत का डबल धमाका

## जसप्रीत बुमराह-स्मृति मंधाना बने जून महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




**दुबई।** टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ते हुए जून महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीत लिया। रोहित ने इस मामले में ना सिर्फ रोहत, बल्कि अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पीछे छोड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना विजेता बनकर उभरीं।

**टी20 विश्व कप में किया था दमदार प्रदर्शन**

बुमराह ने हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप में 15 विकेट झटके थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चुना गया था। इस 30 वर्षीय गेंदबाज ने वैश्विक टूनामेंट में दमदार प्रदर्शन किया था और 8.26 के औसत तथा 4.17 की इकॉनोमी रेट से गेंदबाजी की थी। भारत पहली टीम बनी थी जिसने टूनामेंट में बिना कोई मैच गंवाए टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम का कनाडा के खिलाफ ग्रुप चरण का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा था, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने सभी आठ मुकाबले जीते थे।

### 'यह मेरे लिए विशेष उपलब्धि'

बुमराह ने आईसीसी के हवाले से कहा, मैं जून महीने का आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड जीतकर काफी अभिभूत हूं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में यादगार दिनों के बाद यह मेरे लिए विशेष उपलब्धि है। एक टीम के रूप में हमारे पास जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ है और मुझे इस व्यक्तिगत उपलब्धि पर काफी खुशी हो रही है। प्रदर्शन करना और साथ ही ट्रॉफी जीतना यह काफी विशेष है और मैं इस पल को हमेशा याद रखूंगा। मैं अपने कप्तान रोहित शर्मा और गुरबाज को भी इस दौरान शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं। मुझे खुशी है कि मैं विजेता चुना गया।

### मंधाना ने पहली बार जीता पुरस्कार

यह मंधाना का पहला महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार है। उन्होंने पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दमदार प्रदर्शन किया था और तीन मैचों में दो शतक तथा एक अर्धशतक जड़े थे। मंधाना ने इस दौड़ में इंग्लैंड की माएया बाउचियर और श्रीलंका की विशमी गुनारत्ने को पीछे छोड़ा। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 117 रन बनाए थे। इसके अलावा दूसरे मैच में लगातार एक और शतक जड़ते हुए 120 गेंदों पर 136 रन की पारी खेली थी। मंधाना तीसरे मैच में भी शतक की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन 90 रन बनाकर आउट हो गई थीं। इस दौरान मंधाना ने 100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 343 रन बनाए थे। मंधाना ने कहा, मुझे जून महीने का आईसीसी के महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने पर गर्व महसूस हो रहा है। जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया और उसमे मेरा जो योगदान रहा, उससे मैं काफी खुश हूं। हमने वनडे और टेस्ट सीरीज जीती और मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी इस लय को बरकरार रखेंगे तथा मैं भारत की जीत में आगे भी योगदान देती रहूंगी।

# पंजाब एफसी ने निन्थोइंगनबा मीतेई और निहाल सुदेश को किया साइन



**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीजन से पहले विंगर्स निन्थोइंगनबा (निंथोई) मीतेई और निहाल सुदेश के साथ आज अनुबंध की घोषणा की। निन्थोई जो आखिरी बार चेन्नईयिन एफसी के लिए खेले थे, ने 2027 तक तीन साल के लिए क्लब के साथ अनुबंध किया है, जबकि निहाल को एक सीजन के लिए केरल ब्लास्टर्स से ऋण पर अनुबंधित किया गया है।

इंफाल में जन्मे 22 वर्षीय निंथोई अंडर-17 भारतीय टीम का हिस्सा थे, जो भारत की मेजबानी में 2017 अंडर-17 फीफा विश्व कप में खेली थी। उन्होंने आई-लीग में इंडियन एरोज के लिए अपना पेशेवर डेब्यू किया था जहां उन्होंने 25 मैचों में दो बार स्कोर किया। उन्हें 2019 में इंडियन सुपर लीग की ओर से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड द्वारा साइन किया गया था। निंथोई 2021 में चेन्नईयिन एफसी के लिए साइन होने से पहले टीम के लिए 24 मैचों में खेले थे । उन्होंने दो सीजन में अपने 26 मैचों में से एक बार स्कोर किया। निन्थोई को 2019 सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया था।

निन्थोई फ़्लैंक में अपनी गति और युवावस्था के साथ टीम में मूल्य जोड़ेंगे जो आईएसएल में अपने दूसरे सीजन में क्लब के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण होगा।

कोच्चि में जन्मे निहाल को 2019 में केरला ब्लास्टर्स ने साइन किया था और आई-लीग 2 डिविजन में उनके रिजर्व पक्ष के लिए खेला था। बाद में वह 2020 में भारतीय नौसेना में शामिल हो गए और 2022 सीजन में केरला ब्लास्टर्स में फिर से शामिल होने के लिए एक साल बाद नौकरी छोड़ दी, जहां उन्होंने फिर से रिजर्व पक्ष के लिए खेला। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 2022-23 सीजन में ब्लास्टर्स के लिए आईएसएल में पदार्पण किया और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

साइनिंग के बारे में बोलते हुए, पंजाब एफसी के तकनीकी निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, हृहम आगामी सीजन के लिए निंथोई और निहाल के साथ अनुबंध करके खुश हैं। दोनों युवा खिलाड़ी हैं जो टीम में गति बढ़ाएंगे और फॉरवर्ड के लिए गोल करने के मौके बनाएंगे। आगामी सीजन में दोनों खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# चुने जाने पर चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं डेविड वॉर्नर

## वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट से जनवरी में रिटायर हो गए थे



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए इच्छा जाहिर की है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट से जनवरी में रिटायर हो गए थे और पिछले साल वनडे विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने वनडे से भी संन्यास ले लिया था, लेकिन जरूरत पड़ने पर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहने की बात कही। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था। हालांकि, इंस्टाग्राम पोस्ट जताता है कि वॉर्नर ने अगले साल फरवरी और मार्च में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने लिखा, मैं फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलता रहूंगा और अगर चुना जाता हूं तो चैंपियंस ट्रॉफी में भी खेलने को तैयार हूं। यह बेहद असंभावित परिदृश्य है क्योंकि वॉर्नर टूनामेंट से पहले ऑस्ट्रेलिया के किसी भी मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीमें वार्नर की सेवानिवृत्ति के बाद सितंबर में नए युग की शुरूआत करेंगी, जिसकी शुरूआत स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ तीन-तीन टी20 मैचों की श्रृंखला से होगी, जिसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी। ऑस्ट्रेलिया नवंबर में तीन एकदिवसीय और टी20 के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेंगे जिसके बाद वे भारत के खिलाफ टेस्ट समर की शुरूआत करेंगे। जनवरी में टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वॉर्नर की एक बार वापसी की संभावना पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था, यह जानते हुए भी कि वह अभी भी क्रिकेट खेल रहा है, मुझे लगता है कि अब शायद कुछ अन्य लोगों को (वनडे में) मौका देने का समय आ गया है। लेकिन, आप जानते हैं, डेविड दुनिया में कहीं न कहीं रन बनाते जा रहे हैं। तो आप कभी नहीं जानते कि यह अंत है। वॉर्नर ने अपने वनडे करियर का अंत 45.30 की औसत से 6932 रनों के साथ किया था जिसमें 22 शतक शामिल थे और वह इस मामले में रिकी पोंटिंग से ही पीछे हैं। वॉर्नर ने अपने इंस्टग्राम पोस्ट की शुरूआत ऐसे की, चैप्टर समाप्त!! इतने ऊंचे स्तर पर इतने लंबे समय तक खेलना एक अद्भुत अनुभव रहा है। ऑस्ट्रेलिया मेरी टीम थी। मेरे करियर का अधिकतर समय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर था। मैं ऐसा कर पाने पर गौरवान्वित हूं। 100 से अधिक मैच सभी प्रारूपों में खेलना मेरे करियर की हाइलाइट है। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिसकी वजह से यह मुमकिन हो सका। मेरी पत्नी, मेरी तीनों बच्चियों ने बहुत त्याग किया है, मैं उनको भी धन्यवाद देता हूं। किसी को भी कभी पता नहीं चलेगा कि हम किस दौर से गुजरे हैं। वहां मौजूद सभी क्रिकेट प्रशंसकों के लिए, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मैंने आपका मनोरंजन किया है और क्रिकेट, विशेषकर टेस्ट को इस तरह से बदल दिया है, जहां हमने दूसरों की तुलना में थोड़ा तेजी से रन बनाए हैं। प्रशंसकों के बिना हम वह नहीं कर सकते जो हमें पसंद है, इसलिए धन्यवाद। वॉर्नर अब कनाडा की ग्लोबल टी20 और कैमन आइलैंड में होने वाले टी10 में खेलते दिखेंगे। सिडनी थंडर भी बीबीएल में उनकी वापसी की राह देख रही है।

# 'मेरे कोच और मेरे दोस्त', रोहित ने द्रविड़ के लिए लिखा भावुक मैसेज




**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए एक विशेष नोट लिखा और कहा कि वह खेल के 'दिग्गज' के साथ काम करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानते हैं। द्रविड़ ने वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप 2024 जीत के साथ भारतीय टीम के साथ अपने ढाई साल के कोचिंग कार्यकाल को यादगार अंदाज में समाप्त किया। उनकी कोचिंग में भारत ने एशिया कप जीतने के अलावा वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में उपविजेता स्थान भी हासिल किया। रोहित ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ₹प्रिय राहुल भाई, मैं इस पर अपनी भावनाओं को सही ढंग से व्यक्त करने के लिए सही शब्द खोजने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। फिर भी कोशिश कर रहा हूं। बचपन से ही मैं आपको करोड़ों अन्य लोगों की तरह ही देखता आया हूं, लेकिन मैं भाग्यशाली था कि मुझे आपके साथ इतने करीब से काम करने का मौका मिला।" आप इस खेल के एक दिग्गज हैं, लेकिन आपने अपनी सारी प्रशंसा और उपलब्धियां दरवाजे पर छोड़ दीं और हमारे कोच के रूप में हमारे पास आए और इस स्तर पर आए कि हम सभी को आपसे कुछ भी कहने में सहजता महसूस हुई। दिग्गज क्रिकेटर ने नवंबर 2021 में रवि शास्त्री के बाद भारत के मुख्य कोच का पद संभाला। उनका शुरूआती कार्यकाल दो साल का था, लेकिन उन्हें छह महीने का विस्तार दिया गया क्योंकि बीसीसीआई चाहता था कि वो टी20 विश्व कप 2024 तक बने रहें। द्रविड़ ने पहले खुलासा किया था कि रोहित ने ही उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए कहा था। जबकि उनका अनुबंध वनडे विश्व कप 2023 के बाद समाप्त होने वाला था। रोहित ने आगे लिखा, यह आपकी देन है, आपकी विनम्रता और इतने समय के बाद भी इस खेल के प्रति आपका प्यार अद्भुत है। मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा है और हर याद, हमेशा याद रहेगी।


# ओस्टापेंको तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में, रिबाकिना और स्वितोलिना भी आगे बढ़ीं



**लंदन।** नंबर 13 सीड और पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता जेलेना ओस्टापेंको ने विंबलडन में अपने तीसरे क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए यूलिया पुतिनत्सेवा को हराया, जो 2018 के बाद पहली बार था, उनके साथ नंबर 4 सीड एलेना रिबाकिना और नंबर 21 वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना भी अंतिम-आठ चरण में शामिल हो गई जिन्होंने सोमवार को ग्रास-कोर्ट मेजर में एक रोमांचक भिड़ंत तय की। ओस्टापेंको ने 68 मिनट में पुतिनत्सेवा को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि 2022 विंबलडन चैंपियन रिबाकिना नंबर 17 वरीयता प्राप्त अन्ना कलिंस्काया के दाहिनी कलाई की चोट के कारण सेंटर कोर्ट मैच से रिटायर होने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। जब कलिंस्काया ने 53 मिनट के बाद मैच रोक दिया तो रिबाकिना 6-3, 3-0 से आगे थी। पिछले साल विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना, केवल 55 मिनट में 42वीं रैंकिंग वाली वांग ज़िन्यू पर 6-2, 6-1 से जीत के साथ अंतिम आठ में रिबाकिना के साथ शामिल हो गईं। ओस्टापेंको और पुतिनत्सेवा की कुल मिलाकर यह पांचवीं भिड़ंत थी, जिसमें दो-दो जीत के साथ बराबरी थी। इसके अलावा, जायंट किलर पुतिनत्सेवा आठ मैचों की जीत के सिलसिले में थी, जिसमें दो सप्ताह पहले बर्मिंघम में उसका पहला ग्रास-कोर्ट खिताब और पिछले दौर में विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक का उलटफेर शामिल था। हालाँकि, ओस्टापेंको की जोरदार जीत ने पूर्व रौलां गैरो चैंपियन को कुल मिलाकर छठी बार किसी प्रमुख प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंचा दिया। वह तीसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल के लिए नंबर 11 सीड डेनिएल कोलिन्स या नंबर 31 सीड बारबोरा क्रेजिसिकोवा से भिड़ेंगी। ओस्टापेंको एकल और युगल दोनों में अंतिम आठ में पहुंचने वाली अब तक की एकमात्र खिलाड़ी हैं। रविवार को, नंबर 9 वरीयता प्राप्त ओस्टापेंको और ल्यूडमिला किचेनोक ने टेरेजा मिहालिकोवा और ओलिविया निकोल्स को 3-6, 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना और स्वितोलिना ने अपनी पिछली चार भिड़ंत अलग कर ली हैं। उनकी आखिरी भिड़ंत इस साल के रौलां गैरो में हुई थी, जिसे रिबाकिना ने सीधे सेटों में जीता था। रिबाकिना ने 2021 ईस्टबॉर्न में अपना एकमात्र पिछला ग्रास-कोर्ट मैच भी जीता था। कजाकिस्तान की रिबाकिना ड्रॉ में बची हुई सर्वोच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं, और मैदान में बची एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले विंबलडन खिताब जीता है। स्वितोलिना अपने करियर के तीसरे विंबलडन क्वार्टर फाइनल में हैं। वह 2019 में सेमीफाइनल तक पहुंची, फिर पिछले साल मातृत्व अवकाश के बाद अंतिम चार में लौटी। स्वितोलिना ने अपने करियर में 96 ग्रैंड स्लैम मैच जीते हैं, जो सक्रिय खिलाड़ियों में नौवें स्थान पर है।

# रवि शास्त्री का टेस्ट मैचों में टू टियर सिस्टम लागू करने का सुझाव

- टेस्ट मैच टॉप की 6 टीमों के बीच खेला जाए तो यह दर्शकों को रोमांचित कर सकता है



**नई दिल्ली।** टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच कमजोर होते टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रवि शास्त्री ने टेस्ट मैचों के लिए टू टियर सिस्टम लागू करने का सुझाव दिया है। शास्त्री का कहना है कि टेस्ट मैच टॉप की 6 टीमों के बीच खेला जाए तो यह दर्शकों को रोमांचित कर सकता है। रवि शास्त्री भारत के पूर्व हेड कोच भी रह चुके हैं और उन्होंने ये सुझाव मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) द्वारा आयोजित एक सेमिनार में दिए। इस समय दुनिया में टी20 क्रिकेट कई घरेलू लीग में खेला जा रहा है। टेस्ट क्रिकेट में टू टियर सिस्टम दर्शकों के लिए खास हो सकता है। शास्त्री का मानना है कि मौजूदा 12 टेस्ट खेलने वाले देशों को दो भागों में बांटा जा सकता है। इसमें टॉप की 6 टीमें आपस में खेलें ताकि दर्शकों को मजबूत टीमों के बीच लगातार कड़े मुकाबले देखने को मिलें। असल में जब एक मजबूत और कमजोर टीम के बीच टेस्ट क्रिकेट खेला जाता है तो उसके एकतरफा होने के चांस ज्यादा होते हैं। जबकि ऐसी दो टीमों के बीच टी20 क्रिकेट रोमाचंक हो सकता है। हाल में सम्पन्न हुए टी20 विश्व कप के जरिए ऐसा देखा जा चुका है कि अफगानिस्तान की टीम कैसे ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को सुपर-8 में मात देकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची थी। जबकि, टेस्ट क्रिकेट काफी लंबा होता है जिसमें कुल चार पारियां होती हैं, जिसके चलते मजबूत टीमों के पास खराब प्रदर्शन के बावजूद वापसी के काफी चांस रहते हैं। शास्त्री के टू टियर सिस्टम के मुताबिक जब मैच बड़ी टीमों के बीच होंगे तो वहां क्वालिटी देखने के लिए मिलेगी और दर्शकों की संख्या खुद बढ़ेगी। शास्त्री ने इसके लिए प्रमोशन-रेलीगेशन का भी सुझाव दिया है। प्रमोशन-रेलीगेशन को पदोन्नति-पतन भी कह सकते हैं, जहां अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को टॉप टियर में जगह मिलेगी और खराब प्रदर्शन करने वाली टीमें निचले टियर में खेलेंगी। निचले टियर के पास भी टॉप टीमों के खिलाफ खेलने का मौका होगा क्योंकि इस टियर की बेस्ट टीम को टॉप टियर में भेजा जा सकता है। बता दें दुनिया की कई फुटबॉल लीग में टू टियर सिस्टम पहले से प्रचलित है, जहां लोअर लीग की बेस्ट टीमों को हायर लीग में प्रमोट कर दिया जाता है, और हायर लीग की निचले स्थान की टीमों को लोअर लीग में भेज दिया जाता है। अगर टेस्ट क्रिकेट में ये सिस्टम लागू किया जाता है तो टॉप टियर पर केवल मजबूत टीमें ही देखने के लिए मिलेंगी। ये पहली बार नहीं है जब टेस्ट क्रिकेट के लिए प्रमोशन-रेलीगेशन की पैरवी की गई है। इंग्लैंड के महान ऑलराउंडर इयान बॉथम भी ऐसा सुझाव दे चुके हैं। खेल के अन्य दिग्गजों ने भी टेस्ट क्रिकेट को टॉप-6 टीमों के बीच करने की बात कही है ताकि रोमांच बरकरार रहे। इस समय ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत को छोड़कर बाकी देशों में टेस्ट मैचों को लेकर बहुत ज्यादा उत्सुकता देखने के लिए नहीं मिल रही है।

# मेसी सेमीफाइनल में कनाडा के खिलाफ खेलने के लिए फिट: कोच स्कालोनी




**न्यू जर्सी (यूएसए)।** स्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी बुधवार को कोपा अमेरिका कप के सेमीफाइनल में कनाडा के खिलाफ खेलने के लिए फिट हो जाएंगे। अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनल स्कालोनी ने यह पुष्टि की है। मेसी की फिटनेस पर संदेह था क्योंकि स्ट्राइकर जांघ की शिकायत के कारण पेरू के खिलाफ आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में नहीं खेल पाए थे। हालांकि, वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में लौटे और 90 मिनट पूरे किए, हालांकि वह पेनल्टी शूटआउट में मौके से चूक गए। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में, स्कालोनी ने किसी भी फिटनेस चिंता से इनकार किया और कहा कि मेसी को शामिल करने पर निर्णय लेना उनके लिए कोई दिमागी काम नहीं था क्योंकि पूरी तरह से फिट नहीं होने की स्थिति में भी वे उन्हें खिलाते। स्कोलोनी ने कहा, 99 फीसदी समय, (मेसी) खेलने के लिए फिट है। मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ कि वह खेलने के लिए फिट नहीं है। हर बार जब वह मैदान पर आता है, तो वह खेलने के लिए फिट होता है। (कनाडा) के खिलाफ, वह खेलने के लिए फिट है , बिना किसी संदेह के। यह मेरे लिए बहुत आसान निर्णय है, क्योंकि यह एक बहुत ही स्पष्ट निर्णय है, कि यदि वह ठीक है, तो वह खेलता है और यदि वह ठीक नहीं है, तो वह अंतिम 30 मिनट खेलता है। जब वह फिट होता है, तो वह हमेशा खेलता है। इसमें कोई संदेह नहीं है। किसे कोई संदेह होगा? मैं कोच हूं, इसलिए मुझे कोई संदेह नहीं है। मैं ही निर्णय लेता हूं और जब मैं देखता हूं कि वह खेलने के लिए फिट है, तब भी यदि वह 100 फीसदी फिट नहीं है, तो वह खेलेगा। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं पड़ेगा, मुझे पता है कि भले ही वह परफेक्ट स्थिति में न हो, वह हमें क्या दे सकता है। उन्होंने कहा, "यह जानते हुए कि वह हमें बहुत कुछ देता है, मैं उसे मैदान पर न उतारने की गंभीर गलती नहीं करूंगा, इसलिए यह निर्विवाद है।" कनाडा के खिलाफ जीत अर्जेंटीना को पिछले दशक में पांच टूनामेंटों में चौथे कोपा अमेरिका फाइनल में पहुंचा देगी। यह मेसी की अंतिम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हो सकती है, क्योंकि 2026 में अगले विश्व कप के समय वह 39 वर्ष के हो जाएंगे। हालाँकि, तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में शामिल होने

# पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए 'प्रेरणास्रोत' बनी रोहित ब्रिगेड



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारत के 100 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में खेलों का यह महाकुंभ 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होगा। देश में इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत से उत्साह का माहौल है, और अब पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों ने भी क्रिकेट की तरह ओलंपिक में भी तिरंगा फहराने की ठान ली है। खिलाड़ियों का अथक प्रयास और अटूट समर्पण ही उनकी जीत की गाथा लिखता है। चाहे खेल बल का हो या बुद्धि का, एक खिलाड़ी को चैंपियन या महान उसका दृढ़ संकल्प बनाता है। इसका सबसे बड़ा ताजा उदाहरण रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया है, जिन्होंने बारबाडोस में टी20 विश्व कप पर कब्जा जमाया। उनकी इस जीत पूरे देश खासकर पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले एथलीटों को प्रेरित किया है। इसकी वजह यह 'हार के मुंह से जीत छीनने का जज्बा रखना', जो हमारी भारतीय क्रिकेट टीम ने कर दिखाया है। इस बात को खुद भारतीय हॉकी टीम के महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी माना। अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे पीआर श्रीजेश ने मीडिया में दिए एक इंटरव्यू में कहा,₹ मैंने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला देखा। मैंने इससे सबसे बड़ी सीख ली है कि आखिर गेंद से पहले जश्न नहीं मनाना चाहिए। मैच में एक ऐसा समय था जब अफ्रीकी टीम 15वें ओवर तक जीत की दहलीज पर खड़ी थी। लेकिन भारतीय टीम ने उम्मीद नहीं छोड़ी और हार की कगार पर पहुंचकर जीत दर्ज की। भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी और 328 मैच खेल चुके श्रीजेश ने आगे कहा, इससे हमें ही नहीं बल्कि पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी को सीख लेनी चाहिए। हार नहीं माननी है और अंत तक लड़ना है, जीत जरूर मिलेगी। मैं इस बात को ओलंपिक में याद रखूंगा। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 एथलीटों का दल भेजेगा। इस दल में भारत के पुरुष भाला फेंक स्टार खिलाड़ी और डिफेंडिंग चैंपियन नीरज चोपड़ा के नेतृत्व वाली एथलेटिक्स टीम के अलावा 21 सदस्यीय निशानेबाजी टीम और 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम शामिल है। पिछले हफ्ते, भारतीय दल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने उनकी हौसला अफजाई की थी और फ्रांस जाने से पहले उन्हें मार्गदर्शन दिया। भारत ने बार-बार खेलों की मेजबानी करने की इच्छा जताई है और इस मामले में भारत को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) प्रमुख थॉमस बाक का समर्थन प्राप्त हुआ है। भारत 2036 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा।

# तीसरे टी20 मैच से पहले हरारे में जंगल सफारी पर निकली टीम इंडिया

**हरारे।** जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम और उनके परिवार तथा सहयोगी स्टाफ खेल से दूर कुछ समय बिताने के लिए जंगल सफारी पर निकले। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल ने इस यात्रा की तस्वीरें साझा कीं और पोस्ट के कैप्शन में लिखा, बीसीसीआई ने जिम्बाब्वे क्रिकेट और जिम्बाब्वे टूरिज्म के साथ मिलकर हरारे में भारतीय क्रिकेट टीम और उनके परिवारों के लिए वाइल्ड लाइफ टूर का आयोजन किया था। शेष श्रृंखला के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को शामिल करके भारतीय टीम को मजबूत किया जाएगा। ये तीनों खिलाड़ी अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के टी20 विश्व कप जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। बारबाडोस से देरी से लौटने के कारण, बीसीसीआई ने पहले दो टी20 के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया था।

# वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व पार्षद हिमांशु लव के जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं





गाजियाबाद, करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मंगलवार को अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर अपने प्रतिष्ठान पर उन्होंने अपने सभी शुभचिंतकों, मित्रों एव शहर के गणमान्य लोगों को आम की दावत दी। हिमांशु लव के जन्मदिन की खुशियां बांटने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचे सभी लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।




## ग्वालियर वाली तो राजमाता हैं गाजियाबाद वालीं तो नाराज माता हैं

राजसत्ता खत्म हो गई लेकिन सत्ता में आने के बाद राज की थोड़ी बहुत हनक तो आ ही जाती है। जिनकी बात चल रही है वो इन दिनो फुल फ्लों में हैं। लगता है कि ये बात अफसरों ने भी सुन ली हैं और उनकी भी सेहत पर अब उनके नाराज होने से कोई फर्क नही पड़ता। वो बात बात पर नाराज हो जाती हैं और उनके पारे के किस्से तो डिफेंस मिनिस्टर मंच से उनकी शान गाथा के रूप में बता कर गये। खैर जिक्र शहर वालों में हुया कि उन्हे इतना गुस्सा क्यों आता हैं। कोई सलाह भी दे तो उनका चेहरा तमतमा जाता है। कहने वाले ने उनके टाईटल पर ही कहा कि थोड़ा सा मोडिफाई कर लो बस तो ऐसा है कि जिनका जिक्र हो रहा है वो दरअसल वो भगवा सियासत वालों की गाजियाबाद की नाराज माता है। लेकिन सितम ये हुया कि फ्लावर वालों की राजमाता एक अफसर पर फायर भी हुई लेकिन जून की जुलाई आ गई अफसर का बोरिया भी वही और बिस्तर भी वहीं हैं। दल वाले कह रहे हैं कि वो तो ओनली नाराज माता हैं।

## नया नहीं है ये खेल हर सरकार में बनी हैं गाजियाबाद वालों की रेल

फूल वालों के साथ चल रहे अफसरी बिहेव को लेकर कहने वाले ने कहा कि यहां के नेता दरअसल पालिटिक्ल स्लेव हैं। दल कोई सा भी हो और सरकार किसी की भी हो चली तो हमेशा से अफसरों की ही हैं। उन्होने कहा कि साईकिल वालों की सरकार में सपाई ही तत्कालीन जीडीए वीसी यादव जी को विकास पुरूष बताने लगे थे। हैंडपंप वाले सरदार जी तब सपाई थे और उन्होने अफसर को विकास पुरूष बताते हुये फूल देकर उन्हे बधाई दी थी। सामने आये वो सपाई जिसने अफसर से लाऊड स्वर में बात करने की हिम्मत दिखाई हो। थाने चौकी का ठेकेदार सिपाही सारी नेतागिरी साईड में रखवा देता था। सिपाही नवनीत यादव से लेकर कोतवाल हरदयाल याद तो होंगें ही इन समाजवादियों को। बसपा की नीली हुकूमत थी और हाथी थानों में पिटा था। कोई कविनगर थाने में पिटा था तो कोई मुरादनगर थाने में। कोई नंदग्राम चौकी पर पिटा था तो कोई विजयनगर थाने में। अब फूल वालों की सरकार हैं तो वो झेल रहे हैं। ये कोई नया खेल नही है सरकार किसी भी दल की रही हो गाजियाबाद के नेताओं की रेल हर सरकार में अफसरों ने बनाई हैं। और पुराना पूछना हो तो साजिद हुसैन से लेकर सुरेंद्र मुन्नी बता देगें कि सीओ दिनेश यादव और कोतवाल गंवई प्रसाद यादव गाजियाबाद के समाजवादियों का कितना सम्मान करते थें।

## लोकसभा नतीजे के बाद गायब होने लगे हैं हाशिये पर बैठे नवभाजपाई

सगंठन शिल्पी की कई स्कीमों ने देवतुल्य की परिभाषा ही बदल दी है। एक स्कीम आई थी कि पचास मिस्ड काल लगवाओं और सक्रिय भाजपाई बन जाओं। नतीजा मानो या स्कीम का फजीता मानों कि बालेश्वर त्यागी जैसे लाइफ टाईम भाजपाई तो इस लिस्ट से आऊट हो गये और दूसरे दलों से आये ईर बीर फत्ते भाजपा के सक्रिय सदस्य हो गये। लोकसभा चुनाव के बाद कई भगवा कुर्ते अब दिख नही रहे हैं। कई कारों से सरकारों वाले फ्लैग का स्वैग गायब हैं। कहने वाले ने कहा कि ये तो सियासत का मिजाज है और कल वो साईकिल के साथ थे,उससे पहले कांग्रेसी थे और अब भाजपा के साथ हैं आगे का तय करना उन्ही के हाथ हैं। ज्यादा कुछ करना है नही बस नेता जी आयें और गले में पटका पहनायें।

## दो बिल्डरों पर ठोका पांच-पांच लाख का जुमार्ना

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने भूजल के अवैध दोहन के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छह प्रमुख आवंटियों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही दो अन्य परियोजनाओं पर 5-5 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। यह कार्रवाई प्राधिकरण को मिली शिकायतों के आधार पर की गई है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-153, 154 और 156 में आवंटित भूखंडों के मालिकों द्वारा अवैध रूप से पंप लगाकर डी-वाटरिंग की जा रही थी। नियमानुसार, आवंटियों को निर्माण कार्य और कंपनी के उपयोग के लिए एसटीपी से शोधित जल का प्रयोग करना होता है, जो उन्हें पांच रुपये प्रति हजार लीटर की दर से उपलब्ध कराया जाता है। परंतु, यह पाया गया कि आवंटी एसटीपी के जल का उपयोग न करके अवैध रूप से बोरवेल के पानी का इस्तेमाल कर रहे थे।




## ये बन गई है कमिश्नरेट की सबसे टेंशन वाली रोड

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक रोड आजकल सबसे टेंशन वाली बताई जा रही है। सुनने में आया है इस रोड के चक्कर में बीते कुछ ही दिनों में ही सिटी जोन के अब तक छह पुलिसकर्मी सड़क पर लगने वाली ठेलियो की वजह से लाइन भेजे गए हैं। आलम यह है कि इस सड़क पर कई पुलिकर्मियों ने ड्यूटी देने से तौबा तक कर ली है। वो तो भला हो कुछ अधिकारियों का की वो इस रोड के मैनजमेंट को लेकर अपनी पूरी मेहनत लाग दे रहे हैं। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि बीते कई दिनों से यहां पर दोबारा से लैपर्ड और ट्रैफिक वाले टू-स्टार के साथ ही अन्य पुलिसकर्मी भी तैनात कर दिए गए हैं। वह सुबह से लेकर रात तक ड्यूटी देने के साथ ही इस रोड पर अपने साहब के आने का वेट करते रहते हैं। सुनने में आया है कि आईपीएस अधिकारियों से लेकर सीपीएस और थ्री से लेकर टू-स्टार सड़क पर लगने वाली ठेलियों की वजह से टेंशन में चल रहे हैं। वही पुलिस कमियनरेट वाले विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कभी साहब द्वारा सड़क पर लगने वाली ठेली की फोटो दिन में भेज दी जाती है, तो कभी रात को लेकिन ठेली को लेकर सख्ती इसी इलाके में क्यों बरती जा रही है। वहीं कहने वाले कह रहे हैं कि इसके अलावा भी कई ऐसे मामले हैं, जो इस टेंशन वाली रोड पर जमकर होते हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की शाम ढलते ही यहां जाम खुलेआम लगते हैं। ग्रीन बेल्ट की जगह अंधेरा होने से पहले ड्रिंक एरिया में तब्दील हो जाती है। इस रोड से फिर वो लोग भी निकलने में डरते हैं जो दिनभर घूमते हैं। ना चौकी वाली लैपर्ड और ना इलाके वाली पीआरवी कहीं नजर आती है। आसपास वाले दुकानदार कहते हैं कि शाम वाले मामले के चक्कर में उनकी दुकानदारी भी नहीं हो पाती है। इस रोड पर जाम लगता है ,वह अलग है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक पूर्व थानाध्यक्ष और वर्तमान वाले तो इलाके की लूट से ज्यादा ठेली की टेंशन सताती है। वैसे भी नए वाले तो कार्यालय से लंबी ट्रैनिंग व हॉट मोड सह कर आए बताए जा रहे हैं। वहीं जिन नए पुलिसकर्मियों की यहां अब वर्तमान वाले समय में ड्यूटी लगी है, उनको भी चेतावनी शुरू में ही दे दी गई थी कि कुछ भी हो ठेली न लगे। बीते कुछ दिनों से तो मामला ठीक चल रहा है पर आने वाले दिनों में क्या हो और किस पर गाज गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। वैसे इस रोड की टेंशन की गूंज पूरे सिटी जोन में है।




# घोटाले की आरोपी असौड़ा की ग्राम प्रधान के प्रशासनिक अधिकार सीज

## अब गांव में ग्राम पंचायत के कार्यों का संचालन डीएम द्वारा गठित कमेटी करेगी

**हापुड।** घोटाले में दोषी पाए जाने पर जिले के थाना देहात क्षेत्र के गांव असौड़ा की ग्राम प्रधान के अधिकार सीज कर दिए है। डीएम ने जांच रिपोर्ट के आधार पर उसके वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। अब वह गांव में प्रधान के रूप में किसी कार्य का संचालन नहीं कर पाएंगी। वहीं, गांव में व्यवस्था संभालने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए बीडीओ को नामित किया गया है। जांच टीम ने ग्राम प्रधान के खिलाफ मिलने वाली शिकायतों के साक्ष्य एकत्र करके अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी थी।

दरअसल, असौड़ा गांव की प्रधान आयशा मुर्तजा लंबे समय से विवादों में थी, उन पर सरकारी धन और संपत्ति के दुरुपयोग के आरोप लग रहे थे। ग्राम प्रधान के साथ ही उनके परिवार के लोगों पर भी घपले के आरोप लगे थे। पिछले दिनों ही भूसा ले जाने का एक वीडियो



प्रसारित हुआ था, उसमें गांव की गोशाला के गोवंशों का भूसा चोरी करने का आरोप लगा था।

जिसके बाद सीडीओ ने जांच कमेटी गठित की थी, इसके साथ ही पिछले दिनों असौड़ा की जाहिदा खान, परवीन बेगम, गोपाल सिंह, सविता सैनी और बबीता ने ग्राम प्रधान आयशा मुर्तजा के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने शपथ पत्र देकर ग्राम प्रधान पर घपले के आरोप लगाए थे। मामले में डीएम ने जांच टीम का गठन किया था। डीएम के आदेश पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी और मध्य गंग नहर के सहायक अभियंता ने जांच शुरू की थी। जांच में ग्राम प्रधान पर घपले के आरोप सही पाए गए।

वहीं जिला पंचायतराज अधिकारी एसबी शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी का गठन किया जाएगा।

डीएम ने असौड़ा की ग्राम प्रधान आयशा मुर्तजा के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए हैं। अब वह प्रधान के रूप में किसी दायित्व का निर्वहन नहीं कर पाएंगी। अब गांव में ग्राम पंचायत के कार्यों का संचालन कमेटी करेगी। इसके लिए बीडीओ को निर्देशित किया गया है। बीडीओ कमेटी का गठन करके डीएम को सौंपेंगे।

### आरोप पाए गए सही

- स्ट्रीट लाइट फाइलों में लगी मिली, जबकि टीम को मौके पर लगी हुई नहीं मिली।
- गोशाला का विद्युत मोटर वहां से उठवाकर बेच दिया गया।
- 2.49 लाख रुपये कूड़ाघर के निर्माण पर खर्च कर दिए गए, जबकि कहीं पर कूड़ाघर बनाया ही नही गया।
- नलों के रीबोर करने में नया सामान लगाने का दावा किया गया, जबकि उनके पुराना सामान लगाया गया।
- गांव में लगाए गए चैनल को उखड़वाकर बेच दिया गया। उनका कोई हिसाब फाइलों में नहीं मिला।

# लोनी में अवैध ओयो होटलो का जाल, नहीं लग रहा है अंकुश

**लोनी, करंट क्राइम।** आजकल देश के कई शहरों और कस्बों में अवैध रूप से गेस्टहाउस, होम स्टे और ओयो होटल खुल गए हैं। इन होटलों और गेस्टहाउसों में लगातार कई तरह की अवैध गतिविधियां हो रही हैं। हालांकि, सरकार द्वारा इन होटलों और गेस्टहाउसों को कानूनी प्रक्रिया के दायरे में लाने के लिए नए नियम प्रस्तावित किए गए हैं। इसके तहत सभी होटल, गेस्टहाउस, होम स्टे या ओयो होटल आदि को अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है। अन्यथा उनके होटल सील किए जाते हैं। मगर इस मामले में सरकारी मशीनरी कितनी कारगर सिद्ध हो रही है यह बात भी किसी से छिपी नहीं है।

उक्त मामले में बात जनपद गाजियाबाद की लोनी नगर पालिका क्षेत्र की करें तो वह आजकल पूरी सुर्खियों में है। सूत्र बताते हैं कि यहां इनकी संख्या सैकड़ा पार कर चुकी है मगर वे किसी भी तरह के नियम-कानून का पालन नहीं करते हैं। काफी समय से देखा जा रहा है कि इन ओयो होटलों और गेस्टहाउसों में नशाखोरी, अश्लील कृत्य, वैश्यावृत्ति या अन्य अवैध गतिविधियों का बोलबाला बना रहता है। जिसकी लगातार शिकायतें भी खूब होती हैं लेकिन सरकारी मशीनरी हो या कोई अन्य जिम्मेदार हर कोई इस ओर से अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुए है। नागरिकों का आरोप है कि इन अवैध ओयो होटल, गेस्टहाउस संचालकों को एक सिंडिकेट का संरक्षण प्राप्त है जो प्रतिमाह इनके जरिए करोड़ों की बंदरबाट करते हैं। यही कारण है कि इन अवैध ओयो होटलों, गेस्टहाउस या होमस्टे के विरुद्ध लगातार शिकायतों के बावजूद इनका ये सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे होटलों के विरोध में पूर्व विधायक प्रतिनिधि ललित शर्मा ने एक मुहिम छेड़ी है। इस मुहिम को विभिन्न संगठनों का समर्थन मिल रहा है जिससे लगता है इस बार इनके संचालकों व संरक्षकों को जनआक्रोश के सामने झुकना पड़ेगा और सरकारी दायरा अपनाना ही पड़ेगा।

# शराब पीकर स्टंट करते हुए हिंडन में कूदा तैराक, हुई मौत

## दोस्तों के साथ दिल्ली से गंग नहर में नहाने आया था युवक, वापसी में ऑटो से नदी में कूदा

**गाजियाबाद।** मुरादनगर गंगनहर में नहाने के नाम पर मौज-मस्ती कर युवक अपने दोस्तों के साथ दिल्ली लौट रहा था। बात सोमवार देर शाम की है। छह दोस्त ऑटो में सवार थे। यह ऑटो दिल्ली के सफदरजंग इलाके निवासी 36 वर्षीय पूरन पुत्र कल्लू राम का था। पूरन अक्सर मौज-मस्ती के लिए दोस्तों के साथ मुरादनगर गंगनहर पर नहाने जाता रहता है, दोस्तों में से केवल उसी को तैरना आता था। सोमवार को पूरन के साथ उसके दोस्त रिंकू, विजय, बॉबी, कमल सिंह और फूल सिंह उसके साथ मुरादनगर गंगनहर से नहाकर लौट रहे थे।

**एलिवेटेड रोड से लगाई छलांग**

एलीवेटेड रोड के रास्ते जैसे ही ऑटो वैशाली स्थित केआर मंगलम



स्कूल के ऊपर पहुंचा, लघु शंका के लिए रोक लिया। जोश में आकर पूरन ने नीचे से गुजर रही हिंडन नहर में छलांग लगाने की बात कही। दोस्तों ने ज्यादा ऊंचाई का वास्ता देकर उसे रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन पूरन को मानों उसका काल बुला रहा था। उसने एलिवेटेड रोड से सीधे नहर में छलांग लगा दी। कूदने के बाद दोस्तों ने उसे करीब 20 मीटर तक तैरते भी देखा, लेकिन उसके बाद वह ओझल हो गया। शराब के नशे धुत उसके दोस्तों का मानों सारा नशा उतर गया हो। तुंरत मदद के लिए पुलिस को कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तलाशने के बाद घटनास्थल से सात सौ मीटर आगे जाकर शव बरामद कर लिया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम पुलिस कॉल मिली। सूचना पर पुलिस की पीआरपी मौके पर पहुंची। वहां पूरन के पांच दोस्त खड़े थे, सभी शराब के नशे में थे। उन्होंने उस जगह की जानकारी दी जहां पूरन ने छलांग लगाई। काफी देर तक तलाश करने के बाद घटनास्थल से करीब सात मीटर आगे जाकर पूरन का शव मिला।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

## एनटीपीसी के रिटायर्ड अधिकारी को लगाया चूना

**नोएडा।** शहर में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लोग रोजाना शिकार हो रहे हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस रहे हैं। इस बार एनटीपीसी के रिटायर्ड अधिकारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 2.51 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित कारोबारी ने घटना की शिकायत नोएडा साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ई-ट्रेड एप कराया डाउनलोड**

सेक्टर-75 स्थित फ्यूटेक गेटवे में एनटीपीसी के रिटायर्ड अधिकारी राजीव कुमार गुप्ता ने एफआईआर में बताया कि पिछले दिनों किसी अज्ञात नंबर ने उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में कुल 110 सदस्य जुड़े थे। ग्रुप का एक सदस्य खुद को प्रोफेसर बता रहा था और लोगों को शेयर बाजार में निवेश कर अधिक मुनाफा दिलाने का लालच दे रहा था। ग्रुप के अन्य सदस्य उसके द्वारा दी जा रही जानकारी की प्रशंसा कर रहे थे और सलाह के अनुसार शेयर बाजार में खरीद-फरोख्त कर रहे थे। 12 मई को उस ग्रुप को बंद कर दिया गया और शिकायतकर्ता को एक नए ग्रुप में जोड़ दिया गया। इस ग्रुप पर ई-ट्रेड डाउनलोड करने के लिए एक लिंक शेयर किया गया था। एप डाउनलोड करने के बाद उन्हें भारतीय, अमेरिकी शेयर बाजार, आईपीओ और यूएस ईटीएफ खरीदने के लिए प्रेरित किया गया।

**मुनाफे का लालच पड़ा भारी**

पीड़ित के मुताबिक धीरे-धीरे शेयर ट्रेडिंग की गई। शुरूआत में 40 से 50 फीसदी का मुनाफा हुआ। लोग ग्रुप पर फायदे की जानकारी दे रहे थे। पीड़ित ने धीरे-धीरे 2,51,49,957 रुपये जमा कर दिए थे, लेकिन एप पर उसे 11 करोड़ से अधिक का मुनाफा दिख रहा था। 24 जून को जब पीड़ित ने 50 लाख रुपये निकालने को कहा तो आरोपियों ने शुल्क जमा करने की बात कहते हुए पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उससे 35,15,969 रुपये भुगतान शुल्क जमा करने को कहा। तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और आरोपियों ने उसे ग्रुप से हटा दिया। अब आरोपी उसे ग्रुप में शामिल करने के लिए तीन करोड़ रुपये की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### इसका रखें ध्यान

शेयर बाजार में ट्रेडिंग से भारी कमाई का लालच देकर ऑनलाइन ठगी के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। सोशल मीडिया के जरिए आने वाले मैसेज, लिंक या विज्ञापन के जरिए शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करना नुकसानदायक हो सकता है। साइबर ठग आजकल यही तहीका अपना रहे हैं। किसी भी तरह का लेन-देन करने से पहले ट्रेडिंग कंपनी, शेयर मार्केट एजेंट आदि के बारे में अच्छी तरह जानकारी जुटा लें।

# रूस में मोदी : दो दशक से भी ज्यादा पुराना, पुतिन-मोदी का याराना

## डिप्टी पीएम ने की अगवानी, पुतिन ने गले लगकर गर्मजोशी से किया स्वागत




**मास्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को मॉस्को के वानुकोवो-2 हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। पुतिन प्रशासन के वरिष्ठतम अधिकारी फर्स्ट डिप्टी-पीएम डेनिस मांतुरोव पीएम की अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे। इस स्वागत में भारत-रूस मजबूत संबंधों को लेकर चीन के लिए संकेत भी छिपा है। गत वर्ष जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस के राजकीय दौरे पर आए थे, तो उनकी अगवानी इसी एयरपोर्ट पर जूनियर डिप्टी पीएम दिमित्री चेनीशको ने की थी। मांतुरोव का निजी तौर पर एयरपोर्ट तक पहुंचकर पीएम मोदी का स्वागत करना और फिर एक ही कार में पीएम मोदी के साथ उन्हें उनके होटल तक छोड़कर आना रूस की तरफ से भारत के साथ संबंधों को दिए जाने वाले महत्व को लेकर एक स्पष्ट और मजबूत संदेश है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रशासन में मांतुरोव असल में पुतिन के बाद दूसरे सबसे वरिष्ठ और ताकतवर नेता हैं। मोदी की अगवानी में चीन के लिए संदेश भी है।





### पीएम मोदी को बैठाकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने खुद ड्राइव की गाड़ी

प्रधानमंत्री मोदी के रात्रिभोज के लिए सरकारी आवास पर पहुंचने पर रूसी राष्ट्रपति ने उनका जोरदार स्वागत किया। रात्रिभोज के बाद पुतिन ने पीएम मोदी को गोल्फ कार्ट में बैठाकर सरकारी आवास के आसपास सैर कराई। इस दौरान पुतिन ने खुद ही गोल्फ कार्ट ड्राइव की।



### मोदी बोले- ये दो दोस्तों की जुगलबंदी

राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी की सोमवार रात पुतिन के घर हुई मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं की खास जुगलबंदी देखने को मिली। एक ओर मोदी ने आमंत्रण के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया तो दूसरी ओर रूसी राष्ट्रपति ने मोदी के काम करने की ऊर्जा की तारीफ की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, मित्र के घर आना हमेशा अच्छा होता है। आपने मुझे खाने और साथ में गप्पे मारने के लिए बुलाया। वहीं, पुतिन ने पीएम मोदी की ऊर्जा की सराहना की और कहा, एक नेता के रूप में वह भारत के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। भारत की आर्थिक स्थिति की सराहना करते हुए पुतिन ने कहा, भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में तीसरे और जनसंख्या के मोर्चे पर पहले स्थान पर है।



### पुतिन ने पीएम मोदी के लिए किया रात्रिभोज का आयोजन

इसके बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को होने वाली बैठक से पहले पीएम नरेंद्र मोदी को अपने आधिकारिक आवास पर भोजन के लिए आमंत्रित किया। पीएम मोदी के सोमवार शाम को नोवो-ओगारियोवो स्थित सरकारी आवास पर पहुंचने पर पुतिन ने गले मिलकर और हाथ मिलाकर स्वागत किया। यहां दोनों नेताओं के बीच दोस्ती की खास जुगलबंदी दिखी। एक ओर मोदी ने आमंत्रण के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया तो दूसरी ओर रूसी राष्ट्रपति ने पीएम के काम करने के जज्बे की तारीफ की। वहीं, रात्रिभोज के बाद पीएम मोदी और पुतिन की कई मुद्दों पर बातचीत हुई।



### भारत-रूस संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाने का अवसर है मोदी-पुतिन की मुलाकात : जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई ति तक ले जाने के लिए मोदी-पुतिन की मुलाकात एक अहम अवसर है। रूस के साथ संबंधों में हुए बदलावों को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में हुआ जबरदस्त सुधार दोनों देशों के शीर्ष में नेतृत्व के बीच अच्छे तालमेल के असर के तौर पर देखा जा सकता है। इसके साथ ही वार्षिक शिखर सम्मेलन में देरी को लेकर जयशंकर ने कहा, हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन में थोड़ी देरी हुई, यह एक अच्छी परंपरा है, हम दो देश हैं जिनका एक साथ काम करने का मजबूत इतिहास रहा है।

## पीएम मोदी ने भारतीयों के रूसी सेना में फंसे होने का मुद्दा उठाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष रूसी सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाए जाने के बाद रूस ने रूसी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि कई भारतीयों को धोखा देकर रूसी सेना में भर्ती करने का खुलासा हुआ था। दर्जनों भारतीय रूसी सेना में फंसे हैं और कई भारतीय रूस-यूक्रेन युद्ध में मोर्चे पर तैनात हैं। दो दिवसीय रूस यात्रा पर मॉस्को आए प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार शाम राष्ट्रपति पुतिन के साथ निजी रात्रिभोज में यह मुद्दा उठाया।



जिस पर रूसी राष्ट्रपति अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को बर्खास्त करने और उनकी भारत वापसी में मदद करने पर सहमत हो गए।

**रूसी सेना में फंसे भारतीयों का वीडियो हुआ था वायरल**

उल्लेखनीय है कि अच्छी सैलरी का लालच देकर एजेंटों द्वारा करीब दो दर्जन भारतीयों को रूसी सेना में शामिल करा दिया है। इन भारतीयों को यूक्रेन युद्ध में मोर्चे पर तैनात किया गया है। इस साल की शुरूआत में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पंजाब और हरियाणा के कुछ लोगों को रूसी सेना की वर्दी में देखा गया था। इस वीडियो में इन भारतीयों ने दावा किया कि उन्हें यूक्रेन में युद्ध लड़ने के लिए धोखा दिया गया। इन भारतीयों ने सरकार से उनकी वतन वापसी के लिए कोशिश करने की अपील की।

### 'युद्ध कोई हल नहीं, बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र जरिया', पीएम मोदी पुतिन को देंगे अहम संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मंगलवार को शिखर वार्ता होनी है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। सूत्रों का कहना है कि पुतिन के साथ मुलाकात में पीएम मोदी रूस से अपील करेंगे कि वह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करे। साथ ही कहेंगे कि युद्ध से कोई समाधान नहीं निकल सकता। बातचीत और कूटनीति के जरिए ही कोई समाधान निकल सकता है।

**साझा महत्व के वैश्विक मसलों पर होगी बात :** पीएम के दौरे पर होने वाली वार्ता पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत-प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रम द्विपक्षीय वार्ता में प्रमुखता से शामिल होंगे, जो भारत और रूस दोनों के लिए इसके महत्व को रेखांकित करता है।



### रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने की पीएम मोदी की सराहना

पुतिन ने देश के विकास में पीएम मोदी के योगदान की सराहना की। पीएम मोदी की रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मैं आपको दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई देना चाहता हूं। मुझे लगता है कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि आपके कई वर्षों के काम का नतीजा है। उन्होंने आगे कहा, आपके पास आपके खुद के विचार हैं। आप एक ऊजार्वान व्यक्ति हैं। भारत और भारतीय लोगों के हित में परिणाम प्राप्त करने में आप हमेशा सक्षम रहें। इसका परिणाम सामने है। भारत अब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि पीएम मोदी ने अपना जीवन भारत के लोगों को समर्पित कर दिया। इस पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का एक और मौका दिया है।




## दो दोस्तों की जुगलबंदी...मित्र के घर आना अच्छा होता है : मोदी

**मास्को।** राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी की सोमवार रात पुतिन के घर हुई मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं की खास जुगलबंदी देखने को मिली। एक ओर मोदी ने आमंत्रण के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया तो दूसरी ओर रूसी राष्ट्रपति ने मोदी के काम करने की ऊर्जा की तारीफ की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, मित्र के घर आना हमेशा अच्छा होता है। आपने मुझे खाने और साथ में गप्पे मारने के लिए बुलाया। वहीं, पुतिन ने पीएम मोदी की ऊर्जा की सराहना की और कहा, एक नेता के रूप में वह भारत के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। भारत की आर्थिक स्थिति की सराहना करते हुए पुतिन ने कहा, भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में तीसरे और जनसंख्या के मोर्चे पर पहले स्थान पर है। रूसी राष्ट्रपति ने तीसरी बार सत्ता में आने के लिए मोदी को बधाई भी दी।

### मोदी-पुतिन की व्यक्तिगत और शिखर वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को आमने-सामने और प्रतिनिधिमंडल स्तर पर व्यापक बातचीत करेंगे। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी तास ने यह जानकारी दी। पेसकोव ने कहा, दोपहर के करीब पुतिन और मोदी बातचीत शुरू करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि एक निजी बातचीत होगी, साथ ही आधिकारिक नाश्ते पर रूसी-भारतीय वार्ता भी होगी। मंगलवार को ही पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। हालांकि, शिखर वार्ता के बाद दोनों नेता संयुक्त संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करेंगे।

### यूक्रेन पर आक्रमण के बाद मोदी की पहली रूस यात्रा

बता दें कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहली रूसी यात्रा है। पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ शिखर वार्ता करने के लिए सोमवार को रूस पहुंचे हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा को व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ और संकेत के रूप में देखा जा रहा है।
मॉस्को स्थित वनुकोवो द्वितीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद पीएम मोदी का रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने स्वागत किया। मंटुरोव के साथ रूस के प्रथम उपमंत्री भी भारतीय प्रधानमंत्री को लेकर हवाई अड्डे से उनके होटल तक गए।

### भारत-रूस के मजबूत संबंधों से लोगों को मिलेगा लाभ

मॉस्को पहुंचने पर पीएम मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को गहरा करने के लिए उत्सुक हैं। भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा। वहीं, पीएम ने रूस के लिए प्रस्थान करने के दौरान कहा, भारत एक शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहायक भूमिका निभाना

## भारत यूक्रेन की संप्रभुता का मुद्दा उठाए : अमेरिका



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर जोर देने के लिए कहा है। पीएम मोदी की रूस के राष्ट्रपति से मुलाकात को लेकर अमेरिका ने अपील की है कि भारत यूक्रेन की संप्रभुता के मुद्दे पर रूस से बात करे।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, रूस के साथ संबंध रखने वाले किसी भी देश की तरह हम भारत से यह स्पष्ट करने का आग्रह करेंगे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता, यूक्रेन की संप्रभुता के संबंध में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो।

उन्होंने आगे कहा कि भारत हमारा एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं और इसमें रूस के साथ संबंधों के बारे में हमारी चिंताएं भी शामिल हैं। हालांकि मिलर ने कहा कि वह पीएम मोदी की रूस यात्रा के बारे में भारत के साथ विशेष बातचीत से अनजान थे।



संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं, भारत को चीन के सामने एक शक्तिशाली भागीदार के रूप में देखते हुए राष्ट्रपति जो बिडेन ने एक साल पहले पीएम मोदी को अमेरिकी यात्रा के लिए आमंत्रित किया था।

### शीत युद्ध के समय से रूस और भारत के पुराने रिश्ते हैं

रूस के साथ भारत का शीत युद्ध समय से ही पुराना रिश्ता है। यूक्रेन से युद्ध के बाद भारत ने रूस पर प्रतिबंधों में शामिल होने से इनकार कर दिया था और इसके विपरीत भारत ने सस्ती ऊर्जा आयात के लिए रूस का रूख किया है।

## पीएम मोदी के रूस दौरे से यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की हुए नाराज, बोले- घोर निराशा हुई



**कीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस दौरे पर हैं, जहां वे मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता में शामिल होंगे। वहीं पीएम मोदी के रूस दौरे पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जाहिर की है। जेलेंस्की ने कहा कि पीएम मोदी के रूस दौरे से शांति प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को रूस के दो दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने गले मिलकर गर्मजोशी से एक दूसरे का अभिवादन किया।

### जेलेंस्की ने जताई निराशा

गौरतलब है कि जिस दिन पीएम मोदी ने रूस का दौरा किया, उसी दिन रूसी हमले में यूक्रेन में 37 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। इसे लेकर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा कि 'आज यूक्रेन में रूस के निर्दयी मिसाइल हमले में 37 लोगों की जान चली गई, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं।

साथ ही रूसी हमलों में 170 लोग घायल हुए, जिनमें 13 बच्चे शामिल हैं। रूसी मिसाइल ने यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल को निशाना बनाया, जहां बच्चों में कैंसर का इलाज किया जाता है।

कई बच्चे मलबे में दब गए। यह बेहद निराशाजनक है और इससे शांति प्रयासों को भी बड़ा झटका लगा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेता दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को इस दिन मॉस्को में गले लगा रहा है।'

## मास्को में सांस्कृतिक मंडली से मिले मोदी, रूस में नए दूतावास खोलने का एलान

**मास्को।** मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए रूसी सांस्कृतिक मंडली ने कार्यक्रम प्रस्तुत की। कार्यक्रम के बाद प्रस्तुति देने वाली मंडली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बातचीत की। उन्होंने इस दौरान बताया कि वे रूस में दो नए दूतावास भी खुलने जा रहे हैं। पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने भारतीय गानों पर प्रस्तुति दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉस्को में आयोजित 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे हैं। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में द्विपक्षीय मुद्दों पर बात होगी। इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करने के लिए रूसी सांस्कृतिक मंडली ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंडली से बातचीत की। उन्होंने कलाकारों से पूछा कि आप कितने सालों से नृत्य का अभ्यास कर रहे हैं? उनमें से कुछ 10 साल से और कुछ पिछले 30 सालों से कार्यक्रम का अभ्यास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने उनसे उनकी भारत यात्रा के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे कार्यक्रम के लिए भारत आए थे।

वीडियों में कलाकारों ने पीएम मोदी से मिलने पर अपनी भी जाहिर की है। पीएम मोदी ने मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया, उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में बात की। साथ ही संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासियों के योगदान का जिक्र किया। इस्कॉन मॉस्को के अध्यक्ष साधु प्रिय दास ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी को 2001 में मॉस्को में इस्कॉन मंदिर की अपनी यात्रा की तस्वीरें दिखाई, जब उन्होंने 2001 में मॉस्को में इस्कॉन में प्रार्थना की। पीएम मोदी के भारतीय समुदाय को संबोधित करने के बाद रामकृष्ण मिशन के स्वामी आत्मलोकानंद ने कहा कि वे पीएम मोदी के बिना भारत के भविष्य के बारे में नहीं सोच सकते। स्वामी आत्मलोकानंद ने कहा, ह्लहम 1991 से 30 साल से अधिक समय से यहां काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रूसी लोग संस्कृत भाषा में रूचि रखते हैं और हम उन्हें सिखा रहे हैं। पीएम मोदी के बिना हम भविष्य के भारत के बारे में नहीं सोच सकते। जिसका सपना स्वामी विवेकानंद ने देखा था। पीएम मोदी स्वामी विवेकानंद की इच्छाओं को पूरा कर रहे हैं।



### रूस में खोले जाएंगे नए दूतावास

वहीं भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस में नए वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कजान और येकातेरिनबर्ग में खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के साथ कुछ अच्छी खबर साझा करना चाहता हूं। हमने कजान और येकातेरिनबर्ग में नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। इससे यात्रा और व्यापार में वृद्धि होगी। दो साल पहले पहील खेप भारत-रूस ह्यउत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारेह्ल के माध्यम से भेजी गई थी। यह बड़ी उपलब्धि है। अब भारत और रूस चेन्नई-वल्दिवोस्तोक पूर्वी गलियारे को खोलने के लिए काम कर रहे हैं। 21वीं सदी में भारत विश्व बंधु की भूमिका निभाएगा।

### 2001 में गुजरात के सीएम रहते पहली बार रूस गए थे मोदी

**मास्को।** लंबे समय से चले आ रहे भारत-रूस के मित्रतापूर्ण संबंधों की जड़ें बहुत गहरी हैं। अलग-अलग दौर में अलग-अलग नेताओं ने दोस्ती के इस वटवृक्ष को सींचा है। नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय से ही भारत-रूस संबंधों की मजबूती के कड़ी बने रहे हैं। 6 नवंबर, 2001 को मोदी पहली बार रूस गए, तब वे गुजरात के सीएम थे। तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भारत-रूस शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के तौर पर पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिले। 2019 में मोदी बतौर पीएम रूस गए, तो उन्होंने गुजरात के सीएम के तौर पर की गई अपनी रूस यात्रा को याद करते हुए कहा था, मैं एक राज्य का मुख्यमंत्री थे और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपेक्षाकृत नया था, इसके बावजूद राष्ट्रपति पुतिन बेहद सम्मान से पेश आए, जिससे दोनों नेताओं के बीच स्थायी दोस्ती का द्वार खुला। बाद के वर्षों में मोदी ने रूस की कई यात्राएं कीं। 2006 में मोदी ने आस्त्राखान का दौरा किया और गवर्नर अलेक्जेंडर झिलकिन से मुलाकात कर पूर्व के प्रोटोकॉल समझौते को पांच वर्षों के लिए बढ़ाया।

# कमिश्नरेट बनने के बाद गाजियाबाद के उद्यमी -व्यापारी हुए हैं भयमुक्त : डॉ.अतुल कुमार जैन

## पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा की वर्किंग से पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़ा

### मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप कार्य कर रही है जनपद पुलिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब से गाजियाबाद को कमिश्नरेट घाषित किया गया है और प्रथम कमिश्नर के रूप में आईपीएस अजय कुमार मिश्रा ने गाजियाबाद का चार्ज संभाला है तब से जनपद में अपराधों पर अंकुश लगा है और अपराधी डरे हुए हैं। यह कहना है गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन का। डॉ. अतुल कुमार जैन ने पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप अजय कुमार मिश्रा ने जनपद में पुलिस वर्किंग से ऐसा माहौल तैर किया है जिसके कारण व्यापारियों ,उद्यमियों में भयमुक्त वातावरण पैदा हुआ है।

श्री जैन का कहना है कि कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा की नीतियों का ही परिणाम है कि डायल 112 और सीसीटीएनएस योजना में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान लगातार जनपद गाजियाबाद को मिल रहा है,पीड़ितों को न्याय दिलवाने में और त्वरित सहायता पहुंचाने में गाजियाबाद की पुलिस टीम बेहतर कार्य कर रही है। डॉ.अतुल कुमार जैन ने कहा है कि महिला एवं बाल संबंधी अपराधों की विवेचना में बहुत देर होती थी। आईपीएस अजय कुमार मिश्रा की सख्ती और पुलिसकर्मियों में कुछ नया करने का जज्बा पैदा करने का ही नतीजा है कि अब विवेचनाएं तेजी से हो रही हैं और लंबित अन्य मामलों का भी त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। शहर के उद्यमियों और व्यापारियों ने कहा है कि गाजियाबाद में जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के क्रम में और यातायात के नियमों को पालन कराने के उद्देश्य से कार्य किए जा रहे हैं, इससे अनुशासन बन रहा है। आगामी कांवड़ यात्रा के लिए अभी से बैठक करके योजनाबद्ध तरीके से पुलिस विभाग के सभी स्तर के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है जिससे कि आगामी कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। डायल 112 में 14वीं बार लगातार प्रदेश में अव्वल रहने और सीसीटीएनएस योजना में आठवीं बार प्रदेश में अव्वल रहने पर, जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में उद्यमियों और व्यापारियों में भयमुक्त वातावरण पैदा करने के लिए आयुक्त अजय कुमार मिश्रा और उनकी टीम को बधाई देते हुए डॉ.अतुल जैन ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में कानून व्यवस्था बनाने में जनपद आदर्श जनपद कहलायेगा।





### साइबर थाने की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि




**करंट क्राइम।** साइबर क्राइम की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए आयुक्त ने मुख्यमंत्री को एक साइबर थाना स्थापित करने के लिए प्रस्ताव दिया था जिसके क्रम में 28 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री द्वारा गाजियाबाद में साइबर थाने का उद्घाटन किया गया। साइबर थाना बनने के उपरांत काफी सारे साइबर अपराधों का खुलासा हुआ है, अपराधी पकड़े गए और पीड़ितों के खातों में पैसे वापस आए । नंदग्राम में सुनार भाइयों को गोली मारकर लूट करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, लोहा मंडी के एक व्यापारी के कर्मचारियों द्वारा लाई जा रही नगदी की लूट का खुलासा और नगदी बरामद कराने का भी कार्य हुआ। पासपोर्ट, किराएदार, घरेलू कर्मचारियों अन्य कर्मचारियों के सत्यापन का भी कार्य शत प्रतिशत कर लिया गया है, यह भी पुलिस विभाग की उपलब्धि रही है।

### उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का समय से समाधान हो रहा है







**करंट क्राइम।** पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से बनाए गए तीन नए कानूनों को लेकर भी पुलिस लाइन में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सभी पुलिस अधिकारियों को जो 1 जुलाई से तीन नए कानून प्रभावी हुए हैं उनके बारे में जागरूक किया गया। डॉ. जैन का कहना है कि साक्ष्यों को डिजिटल करने का भी कार्य बहुत तेजी से किया जा रहा है । काफी सारे अपराधियों को जिला बदर किया गया । आयुक्त अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में समय-समय पर व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जारहा है।

## जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को भाजपा के पूर्व पार्षद और वरिष्ठ भाजपा नेता हिमांशु लव का जन्मदिन था। जन्मदिन के इस अवसर पर वह दैनिक करंट क्राइम के गोविंदपुरम स्थित मुख्यालय पहुंचे। जन्म दिवस की इस बेला पर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, गौरव शशि नारायण, साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह, मुनीश बिलसवी, डिजाइनर हेड नरेश शर्मा, विक्की सैनी व तनिष्क चौधरी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## महानगर कांग्रेस ने सैनिकों की शहादत पर आत्मशांति के लिए प्रार्थना की

### सरकार को सैनिकों की सुरक्षा के ठोस उपाय करने चाहिए : विजय चौधरी




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकियों द्वारा शहीद किए गए पांच सेना के जवानों की आत्मशांति के लिए घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने शहीद फौजियों की आत्मशांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि ये दुर्भाग्य है कि फौज की सुरक्षा के नाम पर बड़ी बड़ी बाते करने वाली सरकार में आज भी सैनिक शहीद हो रहे हैं और आतंकियों के हौसले बुलंद हैं। विजय चौधरी ने कहा कि सरकार को सेना विरोधी अग्निवीर को समाप्त करते हुए सैनिकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान , जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग पीसीसी सदस्य विजय पाल चौधरी , महिला महानगर अध्यक्ष सोनल नागर , कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह , एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी , कांग्रेस नेता खुर्शीद रंगरेज , पूर्व पार्षद रहीस अब्बासी , कांग्रेस नेता विक्रांत चौधरी , कांग्रेस नेता कासिम कुरैशी , सेवादल प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश चीनी , युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशिफ सिद्दीकी , वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबूराम शर्मा , कांग्रेस नेता चौधरी सईद , बल्लू कुरैशी , तरुण शर्मा , पवन शर्मा , लक्ष्मण सिंह , राजेंद्र ढिल्लो , विनोद शर्मा , श्रीचंद दिवाकर ,ब्रह्मपाल सिंह , अमरजीत बागड़ी , कशिश गुज्जर , कामाक्षी , रितिका चौधरी , कमल तंवर , इस्माइल खान , सूफी निजामुदीन , रितेश कसाना , साहिल ठाकुर , अंकुर , विवेक और सतीश जाटव आदि शामिल रहे।

## डॉ. शबनम खान के समर्थन में आयेअधिवक्ता





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ शबनम खान एडवोकेट ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मैदान में हैं। वो आज अपना नामांकन पत्र दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर दाखिल करेंगी। चैंबर नंबर 417 से वह अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने जाएंगी। उन्होंने बताया कि उनके समर्थन में दो अधिवक्ताओं ने अपनी दावेदारी वापिस ले ली। अधिवक्ता साबिर चौधरी,और अधिवक्ता रहीसुद्दीन ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से अपनी दावेदारी वापिस लेते हुए डॉ शबनम खान एडवोकेट को समर्थन देने का एलान किया। शबनम खान एडवोकेट हमेशा से ही अधिवक्ता हित में हर मुद्दे पर साथ रहती हैं। उनका कहना है कि वह हमेशा से अधिवक्ता साथियों के हर संघर्ष में साथ है और रहेंगी।

## झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांची





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** झंडापुर वार्ड- 41 में पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने रविवार की रात को अपने क्षेत्र में चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची। पार्षद ने ठेकेदार को मकानों के आगे रैंप तोड़कर सही से नाली और सड़क बनाने के निर्देश दिए। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने निर्माण कार्य के दौरान कई जगहों पर कुछ कमियों को देखकर उन्हें ठीक करने के लिए कहा। साथ ही लोगों से अपने घरों के आगे बने रैंप को तोड़कर नाली और सड़क निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

## संजय नगर रामलीला कमेटी के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री आादर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर द्वारा प्रतिवर्ष आायोजित रामलीला मंचन कार्यक्रम का काम देख रही कमेटी के कार्यकाल पूरा होने के उपरांत गत दिनों नई कमेटी के गठन हेतु द्विवार्षिक आम चुनाव का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष संजीव चौधरी, महामंत्री सुदर्शन शर्मा, और कोषाध्यक्ष तरुण शर्मा को चुना गया। संरक्षण मंडल द्वारा पदाधिकारियों के चयन के उपरांत मंगलवार को भागीरथ पब्लिक स्कूल संजय नगर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव प्रभारी व मुख्य संरक्षक मोहन सिंह रावत द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम का संचालन चुनाव संयोजक व संरक्षक किरणपाल तेवतिया तथा अभिभाषण कमेटी संरक्षक रविंद्र सिंह राणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद पप्पू नागर उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष संजीव चौधरी द्वारा चुनाव प्रभारी द्वारा सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए तथा मतदान में हिस्सा लेने वाले सभी संरक्षकों का आभार व्यक्त किया गया तथा आगामी रामलीला आयोजन में पूरी कमेटी को एक परिवार के रूप में साथ लेकर चलने हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर संरक्षक मोहन सिंह रावत, किरणपाल तेवतिया, रविंद्र सिंह राणा, सतपाल सिंह देशवाल, अमरदत्त शर्मा, अशोक चांदीवाल, आर एस शर्मा, राजकुमार शर्मा, अध्यक्ष संजीव चौधरी, महामंत्री सुदर्शन शर्मा, कोषाध्यक्ष तरुण शर्मा, संयोजक झम्मन चौधरी, पूर्व मीडिया प्रभारी अनुज राघव, सुमित चौहान, प्रदीप चौधरी, ऋषभ चौधरी, हरीश शर्मा, दीपक वर्मा, ब्रजेश शर्मा, ब्रह्मपाल गुर्जर, खचेड़ू शर्मा, अखिलेश ठाकुर, हरपाल ठाकुर, हरेंद्र यादव, विजय कोरी, सतीश चौधरी, रमा गुप्ता, भावना जौहरी, निर्मला शर्मा तथा कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें समझ नहीं आ रहा क्रान्तिकारी विधानसभा के कसाना जी की राजनीति का फसाना? आ गये उपचुनाव और नहीं सुनाई दे रहा उनकी दावेदारी का तराना? राजनीतिक और सामाजिक रूप से उनका किरदार है जोरदार? हमारी सलाह है वो कर सकते हैं शहर विधानसभा से चुनाव लड़ने पर विचार? आखिर ये उनकी पसंद का है गेम? यही तो चाहते हैं वो अपनी राजनीति में फेम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर मंडल वाला मामला मंडल कमिश्नर ना सुलझा पाये? इसका मतलब ये है कि भगवा कमिश्नर का है प्रबंधन कमजोर? हमने देखा बात नदिया पार के भगवा कमिश्नर तक मिस्टर कड़ाकोटी और मिस्टर रतूड़ी की पहुंची? मगर इनको समझाने में यहां के कमिश्नर का मामला रहा कमजोर? यहां पर भगवा कमांडर को ही संभालना पड़ा मोर्चा? भगवा कमिश्नर की ये वाली वर्किंग बनी हुई है इन दिनों चर्चा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले त्यागी जी का मन कर रहा है आजकल नामित बनने के लिए विनोद? सुना है वो नजर आ रहे हैं पहलवान और पहलवान के दोस्त के दरबार पर रोज? जबरदस्त तरीके से वो कर रहे हैं दोनों दोस्तों का गुणगान? उनके चेहरे पर मुस्कुराहट लाकर ये छूना चाहते हैं अपनी उम्मीदों का आसमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर अग्रवाल का धीरज इस बार नहीं देगा जवाब? सुना है जो उनसे पिछले कार्यकारिणी में बलिदान मांगा गया था? अब पूरा होने वाला है उनका ख्वाब? कहने वाले ने कहा इस बार ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि ही खोलेंगी उनका भाग? पिछली बार भले ही कार्यकारिणी सदस्य ना बन पायें हों? मगर इस बार निर्विरोध बनेंगे सदस्य और पूरा होगा उनका ख्वाब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी आई है खुद को साबित करने की बात? तब कोरोना हो या चुनावी रण? यहां पर भाजपा नेता मयंक गोयल ने चला है मजबूत दांव? समय समय पर कराया है उन्होंने जनसभाएं कराकर अपनी ताकत का एहसास? मगर उनकी तरह नहीं दिखाई है गर्ग, सावंरिया, एन्टी गोयल, बालू भैया ने ताकत? कहने वाले ने कहा ये सब भी दिखायें इस तरह की ताकत? फिर जाकर देंखे कहीं दावेदारी का ख्वाब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा क्रान्तिकारी त्यागी जी अब नहीं करते हैं क्रान्ति? उनकी शांति को देखकर दूर हो गये हैं मेरे डाउट? फेसबुक पर उनकी रोचक गतिविधियों के इंतजार में मेरी आंखे पथरा गई हैं? अब नहीं हो रहे हैं वो बिल्कुल भी आउट? कहने वाले ने कहा उनकी इस खामोशी को लेकर मैं जब भी होत हूं शर्त लगाने के लिए तैयार? तब मेरा दिल अंदर से आवाज मारकर कहता है कि ऐसा रिस्क मत लेना? पता नहीं कब क्रान्ति हो जाये त्यागी जी के सर पर सवार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधानसभा सीट पर पार्टी को करना चाहिए महिला दावेदारी पर भी विचार? जब यहां पर लिया जायेगा दावेदारी को सीरियस? तब मजबूत दिखेगा खोड़ा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी का भी किरदार? लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी वर्किंग से दिया है खोड़ा में मजबूत संदेश? राजनीति की हर गतिविधि में एक्टिव नजर आता है रीना मैडम का फेस? अगर हो ओबीसी फैक्टर पर चर्चा? तो पार्टी को तैयार करके रखना चाहिए ऐसी एक्टिव महिला के लिए भी स्पेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की पूर्व मैम्बर गुप्ता जो कहना हैं कह देती हैं? भले ही हो किसी का दिल दुखता? सुना है उन्होंने बिना टारगेट पर लिये मार दिया है धीरज रखने वाले भगवा मैम्बर पर ताना? पड़ोस के जय भगवान जी से उन्होंने कहा है कि आप हमारे कागज पर मोहर लगा दो? हमें नहीं है उम्मीद हमारा ये काम स्थानीय वाले दे पायेंगे अंजाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी शुरू होती है कोई चुनावी पारी? उस पारी को खेलने के लिए तैयार हो जाती है नदिया पार की मैडम भंडारी? सुना है इन दिनों उन्होंने डाला हुआ है शहर विधानसभा चुनाव को लेकर लखनऊ में डेरा? उन्हें उम्मीद है कि इस बार निकलेगा उनकी उम्मीदों का सवेरा? ठाकुर फैक्टर पर निकलेगा उनका समाधान? इस चुनाव में उम्मीदवारी में फाईनल होगा उनका नाम? सुना है प्रदेश वाले चौधरी साहब के पास मजबूती से देकर आईं हैं मैडम अपना पैगाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधानसभा की दावेदारी में अचानक खामोश हो गई है लोनी वाले क्रान्तिकारी मावी जी की आवाज? अब बिल्कुल भी अपनी बैटरहाफ के लिए वो कर रहे है बात? धर्मपत्नी की दावेदारी को लेकर खामोश कर ली है उन्होंने अपनी जुबान? लगता है उनको जानकारी लग गई है कि इस बार पार्टी रख रही है किसी और ही का ध्यान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Manu Vashishth is with Neeraj Goel and 48 others.
1 h

मेरी आशा मेरा सम्मान भी है ,
मेरे पापा मेरा अभिमान भी है,

भगवान भोले नाथ आपको सदा स्वस्थ रखें ऐसी प्रभु से कामना करता हूं....जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई पापा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पिता पुत्र का रिश्ता भी विचित्र होता है। एक पूरी विरासत एक पिता अपने पुत्र को सौपता हैं। इस रिश्ते में संवाद से ज्यादा भाव होते हैं। इन्हीं भावों के साथ मनु वशिष्ठ ने अपने पिता पूर्व पार्षद हिमांशु लव को उनके जन्मदिन की बधाई दी और दिल के जज्बात को शब्दों में ढाल दिया। लिखा कि मेरी आशा मेरा सम्मान भी है, मेरे पापा मेरा अभिमान भी है। संस्कार परिवार और प्यार को अपने आप में समाहित किए पिता पुत्र के रिश्ते की खूबसूरती को बयां करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।